हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 24 जून 2026

तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 27.1 डिग्री


बिलासा ताल का रंग रोगन किया जा रहा।



## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह आज

**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर (डिस्ट्रिक्ट 3233C) के वर्ष 2026-27 के नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 24 जून बुधवार को शाम 7:30 बजे से होटल इंटरसिटी इंटरनेशनल, जगमल चौक में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धरमजीत सिंह ठाकुर होंगे। अति विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी होंगी। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रीतपाल बीएस बाली शपथ अधिकारी और रीजन चेयरपर्सन लायन सीए दिनेश अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। समारोह में नए सत्र (2026-27) के लिए अध्यक्ष हरदीप सिंह सलूजा, सचिव मनीष कुमार चंदेल और कोषाध्यक्ष सीए रौनक अग्रवाल शपथ लेंगे।

### व्यापारी संघ के अध्यक्ष का चुनाव व आमसभा आज

**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर व्यापारी संघ की चुनावी बैठक 24 जून को रात 8:30 बजे पूज्य सिंधी पंचायत भवन जूना बिलासपुर में होगी। बैठक में आगामी कार्यकाल 2026-28 के लिए संघ के अध्यक्ष पद का चुनाव कराया जाएगा। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के वर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने व्यापारी संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### डाटा एंट्री ऑपरेटर भर्ती परीक्षा 28 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल (सीजी व्यापम) की ओर से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए प्रथम चरण की परीक्षा (एचडीईओ-26) का आयोजन 28 जून 2026 को किया जाएगा। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। इसी दिन पीएटी/पीवीपीटी-26 प्रवेश परीक्षा भी सुबह 10 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक संपन्न कराई जाएगी। जिले में इन परीक्षाओं के लिए कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाए जा रहे हैं। दोनों परीक्षाओं में 7 हजार से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा से संबंधित गोपनीय सामग्री का वितरण 28 जून की सुबह 7 बजे से जिला कोषालय, कलेक्टर परिसर से किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा और निगरानी की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित रहे।

# 6 कोचिंग सेंटर की जांच, उड़ान आईएएस एकेडमी सील, बाकी को नोटिस

**हरिभूमि की खबर के बाद जागा प्रशासन**

**किसी भी कोचिंग में फायर सेफ्टी के साथ ही दूसरे मानक नहीं पाए गए, व्यवस्था सुधारने बोलकर लौटी टीम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर भर में चली रहीं कोचिंग सेंटरों की बदहाली का मुद्दा हरिभूमि ने जोर से उठाया। इसके बाद जैसे निगम और प्रशासन की नींद खुली। मंगलवार को निगम और फायर सेफ्टी विभाग की टीम भीषण गर्मी में पसीना बहाने निकली और 6 कोचिंग सेंटरों की जांच की गई। इस दौरान सुरक्षा मानकों के साथ ही नियमों का पालन नहीं करने के मामले में गांधी चौक स्थित उड़ान आईएएस एकेडमी को सील कर दिया गया। इसके साथ ही नेहरू चौक स्थित आक्सीडेशन क्लासेस, राजेन्द्र नगर स्थित आचार्य इंस्टीट्यूट, पुराना हाईकोर्ट रोड स्थित प्रीमियर एकेडमी, पुराना हाईकोर्ट रोड स्थित पटेल ट्यूटोरियल्स और जूना बिलासपुर चौक स्थित चन्द्रा एकेडमी की जांच की गई। निगम की टीम ने इन कोचिंग सेंटरों में कमियां पाईं और व्यवस्था सुधारने कहा है।


यहां भी हादसे को न्योता, बेसमेंट में चल रहीं कोचिंग

हरिभूमि में 23 जून को प्रकाशित खबर।

बिलासपुर के कोचिंग सेंटर्स की हालत ठीक नहीं है। किसी भी जगह सुरक्षा व्यवस्था का पालन नहीं किया जा रहा है। दयालबंद से लेकर गांधी चौक के क्षेत्र में ही कभी भी कहीं भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसी क्षेत्र में 150 से अधिक कोचिंग छोटे से लेकर बड़े कमरों में चल रहे हैं। 10 से अधिक कोचिंग की क्लास बेसमेंट में लग रही है। इस कोचिंग सेंटर्स में कमरों में क्षमता से अधिक बच्चों को बिठाया जा रहा है। सबसे बड़ी बात कि निगम के पास इसका ब्यौरा ही नहीं कि कितने भवनों के कंप्लीशन सर्टिफिकेट हैं। 90 प्रतिशत कोचिंग संस्थान सुरक्षा के मापदंड पूरे नहीं करते हैं।

खबर का असर




### हजारों छात्रों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया

हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की तो निगम प्रशासन जांच करने पहुंचा। पहली जांच में ही पाया गया कि फायर फायटिंग, फायर सेफ्टी, ट्रेड लाइसेंस, गुमाश्ता लाइसेंस के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था और कंप्लीशन सर्टिफिकेट किसी कोचिंग के पास नहीं है। यानी कोई हादसा हो जाए तो कोई जिम्मेदारी लेने वाला भी नहीं है। हजारों छात्रों को जैसे उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। इसके साथ ही दयालबंद में संचालित दो लाइब्रेरी में भी अव्यवस्था पाए जाने पर नोटिस दिया गया है। अधिकारियों ने माना कि कहीं पर सीढ़ी संकरी है तो कहीं सीढ़ी में रेलिंग नहीं है। कोचिंग सेंटर में अंदर जाने और बाहर निकलने के लिए अलग-अलग दो दरवाजे नहीं हैं। वेंटीलेशन की व्यवस्था नहीं है और इन सेंटरों में फायर सेफ्टी फायर एक्जीबिशन नहीं पाए गए हैं। पार्किंग की भी कोचिंग संस्थानों द्वारा व्यवस्था नहीं की गई है जिससे सड़कों, मुख्य मार्गों पर बेतरतीब ढंग से वाहन खड़े रहते हैं।

### इन बिंदुओं पर की जा रही जांच

कोचिंग सेंटर में विद्यार्थियों के लिए प्रवेश व निकास द्वार अलग-अलग है या नहीं, सीसीटीवी, क्षमता के अनुसार छात्रों की संख्या, फायर सेफ्टी, कोचिंग सेंटर के संचालन का मानक, श्रम मानकों का पालन, बिजली संबंधित सुरक्षा के उपाय, हेल्प डेस्क, नामांकित विद्यार्थियों की संख्या, पेयजल व शौचालय की व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा, पार्किंग, भवन की स्थिति, भवन और बेसमेंट में सुरक्षा मानकों की स्थिति, आकस्मिक स्थिति से निपटने की तैयारी और शिकायत संबंधी पंजी देखने का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही भवन अनुज्ञा का अनुपालन, फायर एक्जिट की व्यवस्था देखी जा रही है।

### जांच रिपोर्ट बनाई जा रही

शहर में संचालित कोचिंग सेंटर्स में जांच कर व्यवस्था पर रिपोर्ट बनाई जा रही है। एक कोचिंग सेंटर को सील किया गया है। बाकि को कमियों को सुधारने के लिए नोटिस दिया गया है। इसके बाद कार्रवाई होगी।

**- अंकुर पांडे,** उपायुक्त

**जेल के अंदर सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल**

# जेल बैरक में पॉक्सो के बंदी की कैदी ने की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार की सुबह केंद्रीय जेल के अंदर विचारधीन बंदी की हत्या की वारदात से सनसनी फैल गई है। बैरक में लेटे पाक्सो एक्ट के विचारधीन बंदी पर तिहरे हत्याकांड के कैदी ने नाली के स्लैब से सिर पर चार बार वार किया, गंभीर रूप से घायल विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान सिम्स में मौत हो गई। जेल अधीक्षक की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज कर लिया है।

केंद्रीय जेल से मिली जानकारी के अनुसार, कोटा दबनपुर निवासी नीलू जगत पिता देवलाल जगत 27 साल पॉक्सो एक्ट के मामले में 3 नवंबर 2024 से जेल में बंद था। पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से बीमार होने से नीलू जगत को ई - 1 बैरक में रखा गया था। इस बैरक में मानसिक रूप से बीमार व मनोचिकित्सकीय इलाज करा रहे बंदी व कैदियों को रखा जाता है। उक्त बैरक में 250 से अधिक बंदी व कैदी रह रहे हैं। 23 जून 2026 की सुबह 9.32 बजे नीलू जगत बैरक में लेटा हुआ था और आसपास में कुछ कैदी लूडो खेल रहे थे। इसी दौरान बैरक में रहने वाला तीहरे हत्याकांड का कैदी मुंगेली चमारी निवासी राजेश राय पिता हरि राय 40 साल बैरक से बाहर निकला और नाली के सीमेंट के स्लैब को पैर से तोड़कर भारी भरकम टुकड़ा लेकर अंदर आया। उसके बाद बैरक में लेटे नीलू जगत के सिर पर 4 बार वार कर दिया, जिससे नीलू खून से लथपथ होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बैरक में उपस्थित अन्य कैदियों ने हमलावर राजेश राय को पकड़कर काबू में किया। जेल के अंदर खूनी संघर्ष की वारदात से हड़कंप मच गया। आनन फानन में जेल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी बैरक में पहुंच गए। गंभीर रूप से घायल बंदी नीलू जगत को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया। दोपहर 12.30 बजे इलाज के दौरान बंदी की सिम्स में मौत हो गई। सूचना पर सिम्स चौकी पुलिस ने बंदी का शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, जेल अधीक्षक की सूचना पर आरोपी कैदी राजेश राय के खिलाफ बीएनएस की धारा 103 के तहत अपराध कायम कर लिया गया है।

**आरोपी तिहरे हत्याकांड के कैदी के खिलाफ हत्या का जुर्म दर्ज**


आरोपी


मृतक

### आरोपी कैदी के पिता भी जेल में बंद

आरोपी राजेश राय तिहरे हत्याकांड व दो हत्या के प्रयास के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और 21 नवंबर 2008 से जेल में बंद है। बताया जाता है उक्त मामले में उसके पिता व भाई भी जेल में बंद थे। उसके भाई सुरेश कुमार को अच्छे आचरण के आधार पर वर्ष 2025 में जेल से रिहा किया गया था।

### सुरक्षा व्यवस्था की खुली पोल

जेल के अंदर बंदी की हत्या की वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। खूंखार कैदी बैरक के बाहर नाली का स्लैब तोड़कर भारी भरकम टुकड़ा लेकर अंदर गया और लेटे बंदी पर हमला कर हत्या कर दी। इस दौरान खूंखार कैदी की गतिविधियों पर नजर रखने कोई भी सुरक्षा प्रहरी बैरक के आसपास तैनात नहीं थे।

### होगी मजिस्ट्रियल इन्क्वारी

मृतक बंदी की हत्या की सूचना परिजन को दे दी गई है। बुधवार की सुबह न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा परिजन की उपस्थिति में मृतक के शव का पंचनामा कर वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मजिस्ट्रेट के द्वारा पूरे मामले की जांच की जाएगी।

### नाली के स्लैब से मारा

मंगलवार की सुबह 9.30 बजे पाक्सो एक्ट का विचाराधीन बंदी बैरक में लेटा हुआ था। उसी बैरक में रहने वाला तिहरे हत्याकांड के कैदी ने पैर से नाली का ढक्कन तोड़कर उसके सिर पर 4 बार हमला कर दिया। बंदी को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। दोपहर 12.30 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना सिविल लाइन थाना व उच्च अधिकारियों को दे दी गई है।

**- खोमेश मंडावी** जेल अधीक्षक

# कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई, 12 टन उर्वरक की बिक्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रासायनिक उर्वरकों की कालाबाजारी, अनियमित बिक्री एवं किसानों के बीच कृत्रिम अभाव की स्थिति को रोकने के लिए कृषि विभाग द्वारा निरीक्षण एवं सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पोड़ी सरवानी स्थित प्रजापति ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया, जहां प्राधिकार पत्र के बिना यूरिया व सिंगल सुपर फास्टफेट उर्वरक की बिक्री करते पाया गया। टीम के द्वारा 12.64 टन उर्वरक की बिक्री पर रोक लगाते हुए संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

खरीफ सीजन के लिए उर्वरक की बढ़ती मांग एवं कालाबाजारी की संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा सघन जांच एवं निरीक्षण का सतत अभियान जारी रखा गया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम के द्वारा बिल्हा क्षेत्र में दुकानों की औचक जांच की गई। इसके अंतर्गत ग्राम पोंड़ी-सरवानी के प्रजापति ट्रेडर्स के निरीक्षण के दौरान टीम को प्रतिष्ठान द्वारा यूरिया एवं सिंगल सुपर फॉस्फेट उर्वरक का विक्रय आवश्यक प्राधिकार पत्र के बिना किया जाना पाया गया। यह कृत्य उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

अनियमितता पाए जाने पर उर्वरक निरीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 9.495 टन यूरिया एवं 3.15 टन सुपर फॉस्फेट, कुल 12.645 टन उर्वरक की बिक्री पर रोक लगा दी। वहीं संबंधित विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने तथा निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।


पोंड़ी-सरवानी के प्रजापति ट्रेडर्स का मामला, नोटिस जारी कर मांगा जवाब

### रोक लगाकर दिया गया नोटिस

बिल्हा ब्लॉक में निरीक्षण के दौरान दुकान में प्राधिकार पत्र के बिना उर्वरक की बिक्री करना पाया गया है। उर्वरक की बिक्री पर रोक लगाते हुए नोटिस भी जारी किया गया है। संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने की स्थिति में उर्वरक विक्रय लाइसेंस के निलंबन सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उर्वरक विक्रेता उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का पूर्णतः पालन करते हुए ही खाद का भंडारण एवं विक्रय करें।

**- पीडी हथेश्वर,** डीडीए बिलासपुर

# बादलों ने फिर छकाया नहीं हो सकी बारिश

**बिलासपुर।** बादलों की बेरूखी के कारण आम और खास दोनों परेशान है। बारिश ने अभी तक ठीक से दस्तक तक नहीं दी है लेकिन रोजाना आसमान पर बादल मंडरा रहे हैं। हर किसी को बारिश होने की उम्मीद रहती है, लेकिन इसके उलट बिना बरसे ही बादल लौट रहे हैं। हालत यह है कि जून के 3 सप्ताह गुजर चुके हैं, लेकिन धरती की प्यास जस की तस बनी हुई है।


▪ 67 फीसदी कम बारिश से सूखे जैसे हालात बने

जून का महीना समाप्त होने वाला लेकिन छत्तीसगढ़ में मानसून की हालत कमजोर बना हुआ है। जून में सामान्य 96.7 मिमी बारिश होती है, लेकिन इसके मुकाबले महज 32.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। यानी 67 प्रतिशत कम बारिश हुई है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश को लार्ज डेफिसिएंट श्रेणी में रखा है। कई जिलों में हालात ज्यादा चिंताजनक हैं, जहां सामान्य से 80 से 95 प्रतिशत तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

कम बारिश और तेज गर्मी का असर खेती, जलस्तर और खरीफ सीजन की तैयारियों पर साफ दिखाई देने लगा है। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और कुछ हिस्सों में गरज-चमक की संभावना जताई है, जबकि 23 जून के आसपास मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल बताई जा रही है। प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश का आंकड़ा सामान्य से काफी नीचे है। उमस भरी गर्मी और तेज धूप के आगे सब नतमस्तक हैं।

### किसानों की बढ़ी चिंता, बोनी पर असर

मानसून की धीमी चाल का असर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगा है। कई इलाकों में किसान अब तक धान की बोनी शुरू नहीं कर सके हैं। शुरुआती बारिश के बाद जिन खेतों की तैयारी की गई थी, वहां दोबारा तेज धूप निकलने से जमीन की नमी कम हो रही है। छोटे तालाबों और जलाशयों में भी पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाया है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगले एक सप्ताह में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ सीजन की फसलों का रकबा प्रभावित हो सकता है।



## खबर संक्षेप

### रेलवे बोर्ड में मेम्बर ट्रैफिक बने मनोज



**बिलासपुर।** एसईसीआर में एआरएम के पद पर कार्यरत डॉ. मनोज सिंह का ट्रांसफर रेलवे बोर्ड में मेम्बर ट्रैफिक के पद पर किया गया है। डॉ. मनोज सिंह बिलासपुर रेल मंडल के शहडोल के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने पूर्व में डीसीएम नागपुर, डीआरएम जबलपुर, पीसीओएम हाजीपुर में भी कार्य किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्रमिक यूनियन की ओर से उन्हें रेलवे बोर्ड में मेम्बर ट्रैफिक के पद पर पदस्थापना होने पर शुभकामनाएं दी हैं।

### लखनऊ अग्निकांड में मृत छात्रों को दी श्रद्धांजलि

**बिलासपुर।** लखनऊ अलीगंज अग्निकांड में मृत छात्रों को एनजीओ महागठबंधन ने शहीद विनोद चौबे चौक पर श्रद्धांजलि दी है। 23 जून को लखनऊ के अलीगंज स्थित पुरनिया इलाके में एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग में 15 मासूम छात्रों की मृत्यु हो गई। इस घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। एनजीओ महागठबंधन की ओर से इस दुर्घटना में जान गंवाने वाले सभी बच्चों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसमें भूपेंद्र गुप्ता, चंचल सलूजा, अभिषेक ठाकुर, शशि मिश्रा, गौरव शुक्ला, अरुणिमा मिश्रा, टिकेश्वर साहू, प्रतिज्ञा सिंह, बिंदु कुचवाहा, नीरज जेमनानी, अंजलि चावड़ा, गरिमा सराफ, गोविंद रॉय, मोंटी मिश्रा, रोहन तलवानी, अभिषेक शर्मा, विमला राजक, नवीन दुबे, विशाल ओम परवार आदि शामिल थे।

### सघन कुष्ठ खोज अभियान को गति 38 हजार से अधिक लोगों की हुई जांच



**बिलासपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में 15 जून से 15 जुलाई तक सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल के निर्देशन तथा जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रक्षित के मार्गदर्शन में अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसकी समीक्षा के लिए आज नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे की अध्यक्षता में कलेक्टर सभाकक्ष में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें बताया गया कि कुष्ठ एक जीवाणुजनित रोग है, जिसका समय पर पता लगने और नियमित उपचार से पूर्णतः नियंत्रण एवं विकृति की रोकथाम संभव है। अभियान के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के सहयोग से विकासखंड स्तर पर लक्ष्य आधारित टीमों का गठन किया गया है। अभियान के अंतर्गत अब तक जिले में 38 हजार 220 व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान 9 व्यक्तियों को संदेहास्पद चिन्हित किया गया है, जिनकी आगे आवश्यक चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श की प्रक्रिया जारी है।

राजकिशोर, तोरवा, मोपका क्षेत्र में चल रहा निर्माण कार्य

# सड़क पर बिजली खंभे, आवाजाही में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा से राजकिशोर के बीच बन रही सड़क प्रयोगशाला में तब्दील हो चुकी है। पिछले 6 महीने से सड़क निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन बिजली के खंभे नहीं हटने के कारण देरी पर देरी हो रही है। हाल ही में बिजली विभाग के सुपरविजन में खंबे हटाने का काम शुरू किया गया है लेकिन ठेकेदार की लापरवाही के कारण सुस्त तरीके से काम जारी है, जिसके चलते आवाजाही में खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- बारिश में होगी समस्या, लोग आशंकित

नगर निगम द्वारा तोरवा, राजकिशोर नगर और मोपका चौक तक निर्माण कार्य जारी रही है, लेकिन निर्माण की गति सुस्त होने का खामियाजा यहां के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि काम शुरू हुए 6 माह का समय बीत चुका है, लेकिन स्थिति भयावह होती जा रही है। सड़क पर बने गड्ढों के चलते लोगों का जान जोखिम में डालकर आवाजाही करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, वहीं रात होते ही सड़क हादसों का ब्लैक स्पाट बन रहा है, दरअसल बिना बिजली का खंबा हटाए सड़क चौड़ीकरण किया गया है, बेतरतीबी निर्माण के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। ऐसे में करोड़ों का निर्माण कार्य करने वाले निगम के अधिकारी और ठेकेदारों ने स्थानीय निवासियों की सहुलियत को ही दरकिनार कर दिया है।



ठेकेदार की लापरवाही से नहीं हटए गए सड़क से खंभे।

**नहीं होता पानी का छिड़कावः** खास बात यह है कि गर्मी चरम पर है और सड़क से किसी भी समय पर गुजरने समय लोगों का सामना धुल से हो रहा है, पानी का छिंडकाव नहीं होने के कारण धुल उड़ रही है और आसपास के रहवासियों को श्वास की समस्या झेलनी पड़ रही है। लोगों के घरों में दिन भी धूल की परत जम रही है। तोरवा से शनि मंदिर और ऊर्जा पार्क जैसे जगहों पर रोजाना सैकड़ों लोग आ रहे है लेकिन सड़क की दुर्दशा के चलते उन्हें परेशानी झेलनी पड़ रही है।

### 6 माह और लग सकता है

बारिश सर पर है और सड़क पर गिट्टी मिक्स का रोड़ा पड़ा है, ऐसे में बारिश होते ही सड़क खस्ताहाल हो जाएगी। अभी से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढें बन चुके है, जिसमें गाड़ी चलाना चुनौती भरा है। ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से निर्माण कार्य किया जा रहा है। वहीं नगर के अधिकारी एसी चेंबर से बाहर नहीं आ सके है जिसके चलते सड़क बदहाल है। करीब 5 किमी की सड़क पर चलना मुश्किल हो चुका है।



# एसईसीएल में चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर स्थित प्रबंधन विकास संस्थान एमडीआई में खनिज एवं खनन के अंतर्गत अधिकृत एसईसीएल अधिकारियों के लिए चार दिवसीय जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार एसईसीएल, सीआईएसएफ, टीएसआर तथा मध्यप्रदेश राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल (एसआईएसएफ़) के अधिकारियों को एमएमडीआर अधिनियम की उक्त धाराओं के अंतर्गत अवैध कोयला खनन एवं कोयला चोरी के मामलों में कार्रवाई करने अधिकृत किया गया है। इसके तहत अधिकृत अधिकारी न्यायालय में सीधे परिवाद प्रस्तुत कर सकेंगे, जिससे कोयला चोरी एवं अवैध खनन से संबंधित मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण में सहायता मिलेगी। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए झारखंड पुलिस के पूर्व महानिरीक्षक (आईजी) एवं सेवानिवृत्त भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी विपुल शुक्ला को विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित किया गया है। वर्तमान में वे बीसीसीएल में वरिष्ठ सलाहकार (सुरक्षा) के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। प्रशिक्षण के दौरान वे प्रतिभागियों को एमएमडीआर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों, अवैध खनन एवं खनिज परिवहन से संबंधित मामलों में कानूनी कार्रवाई, जांच प्रक्रिया, साक्ष्य संकलन तथा सुदृढ़ अभियोजन प्रतिवेदन तैयार करने के संबंध में जानकारी प्रदान करेंगे।

### विभिन्न बैचों में अधिकारी कर्मचारी लेंगे भाग

23 जून से 26 जून तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न बैचों में एसईसीएल के वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय सुरक्षा नोडल अधिकारी, महाप्रबंधक, अभिकर्ता (एजेंट), प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग एवं सुरक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, सीआईएसएफ, टीएसआर तथा एसआईएसएफ (मध्यप्रदेश) के कार्मिक सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य एमएमडीआर अधिनियम के अंतर्गत अधिकृत अधिकारियों को उनके अधिकारों, दायित्वों एवं कानूनी प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूक करना तथा अवैध खनन एवं कोयला चोरी की रोकथाम से संबंधित मामलों में उनकी कार्यकुशलता को और सुदृढ़ बनाना है।

# 20 बस सहित अन्य वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न और मॉडिफाई साइलेंसर पर कार्रवाई

**बिलासपुर।** एसएसपी रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के पर्यवेक्षण में नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सघन एवं सख्त कार्यवाही की जा रही है।

अभियान चलाकर यातायात पुलिस ने 20 बस वाहनों सहित अन्य वाहनों में लगे प्रेशर हार्न और मॉडिफाई साइलेंसर पर कार्रवाई की गई है। मंगलवार को वाहन चालकों के द्वारा अपने वाहनों में मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं अमानक सायरन लगाने के कारण अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की चेकिंग की गई और जिस भी वाहनों में मॉडिफाई साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न एवं हूटर आदि का प्रयोग कर वाहन चालन की जा रही थी ऐसे वाहनों में सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रकरण तैयार किए गए। विदित हो कि प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाई साइलेंसर, हुटर आदि के माध्यम से न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण होती है। कई वाहनों में कान फोडू आवाज के कारण मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचता है। यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा पूर्व में भी ऐसे वाहन चालकों एवं वाहनों पर अभियान चलाकर कार्यवाही की गई है तथा प्रकरण माननीय न्यायालय भेजे गए हैं। यातायात पुलिस द्वारा आज प्रेशर हॉर्न पर अभियान चलाकर ऐसे प्रेशर हॉर्न लगे 20 बस वाहनों सहित अन्य वाहनों पर सख्त कार्यवाही किया गया है एवं चालान किया गया है वही गंभीर उल्लंघन पर प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय भेजे गए।




### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम को लेकर कार्यशाला आज

**बिलासपुर।** छग पर्यावरण संरक्षण मंडल, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से 24 जून को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला दोपहर 12 बजे से देवकीनंदन सभागृह, लाल बहादुर शास्त्री स्कूल परिसर, शनिचरी बाजार में होगी। क्षेत्रीय कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन सिविल अपील प्रकरण में पारित आदेश के परिपालन तथा 1 अप्रैल 2026 से लागू ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

### लंबित आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**बिलासपुर।** ननि आयुक्त प्रकाश सर्वे ने मंगलवार को आयोजित टीएल बैठक में शासन की विभिन्न प्राथमिकता एवं फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सुशासन तिहार, पीएम पोर्टल, पीजीएन, ई-समाधान, समय-सीमा प्रकरण, जनदर्शन, मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन, पौधारोपण अभियान, खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण सहित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा की गई। आयुक्त श्री सर्वे ने अधिकारियों से प्रगति की जानकारी लेते हुए शेष आवेदनों और शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए।

# एकता, भाईचारा और शिक्षा से बनेगा सशक्त समाज

**बिलासपुर।** प्रसिद्ध इस्लामी विद्वान एवं शिक्षाविद् प्रोफेसर मुख्तार अशरफ ने कहा कि शिक्षा, मानवता, भाईचारा और राष्ट्रीय एकता ही किसी भी समाज और राष्ट्र की वास्तविक ताकत हैं। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान उसकी विविधता, आपसी प्रेम और सामाजिक सौहार्द में निहित है तथा देश की तरक्की का रास्ता शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास से होकर गुजरता है।

- तकरीर कार्यक्रम का हुआ समापन

बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रवार्ता के दौरान प्रो. अशरफ ने युवाओं से शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि ज्ञान ही समाज को अज्ञानता, पिछड़ेपन और सामाजिक बुराइयों से मुक्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस्लाम की पहली शिक्षा इल्म (ज्ञान) प्राप्त करने की है। इसलिए हर व्यक्ति को शिक्षा हासिल कर अपने परिवार, समाज और देश की उन्नति में योगदान देना चाहिए। प्रो. अशरफ ने कहा कि देश की उन्नति धार्मिक विवादों से नहीं बल्कि शिक्षा, रोजगार और विकासोन्मुखी सोच से सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जिहाद का वास्तविक अर्थ सकारात्मक संघर्ष और नेक प्रयास है। अशिक्षा, भ्रष्टाचार, अन्याय और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करना, माता-पिता की सेवा करना, शिक्षा प्राप्त करना तथा समाजहित में कार्य करना भी जिहाद की भावना का हिस्सा है। इधर रमजानी बाबा शेड में अलीमा फाजिला महशर जहाँ ने महिलाओं को दीन, अखलाक और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने शोहदाए कर्बला, हजरत फातिमा, बीबी सकीना और बीबी जैनब की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए महिलाओं से आदर्श समाज निर्माण और बेहतर पीढ़ी की परवरिश में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंतिम दिन उसकी देन कमेटी द्वारा आयोजित इस तकरीर कार्यक्रम के समापन सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।



**इनकी रही उपस्थितिः** इस अवसर पर फरहान बक्स, हसनैन अली, जियाउद्दीन प्यारे, इकराम भईया, अदनान अली, शाहिद लालखादान, शाहिल शेख, अब्दुल कलीम, मोहम्मद अली, अब्दुल रज्जाक बड़े, इंसान अली बब्बू, आदिल, असद, अब्दुल रशीद, रिजवान शानू, जैद, वसीम बक्स, हाजी कादिर, हाजी निशार, हाजी जफर, खालिद, प्यारू, अबरार, आरिफ बेग, शेख निजामुद्दीन, मिर्जा वसीम बेग, शबाब अली आदि मौजूद थे।




## एजुकेशन प्लस

### एवीएम न्यू सैनिक स्कूल में तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

**बिलासपुर।** विद्यार्थियों के समग्र विकास, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं भावनात्मक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल में एक विशेष प्रेरक एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में ब्रह्मा कुमारीज संस्था के सहयोग से वक्ता हितेश टुटेजा ने मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को तनाव प्रबंधन, आत्मविश्वास निर्माण, सकारात्मक सोच, आत्म-जागरूकता एवं जीवन मूल्यों के व्यावहारिक आयामों से परिचित कराया। उन्होंने विभिन्न प्रेरणादायक एवं जीवनोपयोगी कहानियों से विद्यार्थियों को सही और गलत के बीच अंतर समझने की सीख दी। योग मानसिक तनाव को कम करने, एकाग्रता बढ़ाने, आत्मविश्वास विकसित करने तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका मानसिक एवं भावनात्मक रूप से स्वस्थ रहना आवश्यक है। डायरेक्टर एसके जनास्वामी, प्राचार्या जी. आर. मधुलिका व समीक्षा दीदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मनोज आहूजा एवं अमर भाई भी उपस्थित रहे।



### टीएस पब्लिक स्कूल में नए सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बिलासपुर।** सरकंडा स्थित टी.एस. पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नर्सरी से कक्षा 5वीं तक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि छात्रों को आधुनिक एवं डिजिटल शिक्षा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान किया जाता है।

विद्यालय में अनुभवी एवं प्रतिभाशाली शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। स्कूल में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों, ओलंपियाड एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाती है, जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए परिसर में सीसीटीवी कैमरे एवं प्रशिक्षित स्टाफ की व्यवस्था की गई है। विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों से अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए समय रहते प्रवेश सुनिश्चित करने की अपील की है। इच्छुक अभिभावक स्कूल परिसर, नूतन चौक, चंद्रा टीवीएस के पास, सरकंडा, बिलासपुर पहुंचकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।




### सर्वसेन समाज के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपा गया ज्ञापन



**बिलासपुर।** एक निजी स्कूल में नाबालिक छात्रा के साथ शिक्षक द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सर्वसेन समाज के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। सर्व सेन समाज छत्तीसगढ़ के प्रांत अध्यक्ष त्रिलोक चन्द्र श्रीवास के नेतृत्व में सर्वसेन समाज एवं सर्व समाज के द्वारा बिलासपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे इस घटना की निष्पक्ष जांच कर अन्य दोषी शिक्षकों पर कार्रवाई की मांग की गई। इस अवसर पर समाज के प्रांत अध्यक्ष त्रिलोक श्रीवास ने कहा कि यदि संबंधित संस्थान एवं दोषी अन्य व्यक्तियों पर जांच कर 10 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं होती है तो तो पूरे प्रदेश भर में जन आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता महेश दुबे टाटा, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास, चंद्रमणि श्रीवास संतोष श्रीवास, सुमित श्रीवास, बसंत श्रीवास, राजू श्रीवास, डॉक्टर राजीव श्रीवास, राजकुमार श्रीवास, गोरेलाल श्रीवास, बबलू श्रीवास, नारायण श्रीवास्तव, दलहरण श्रीवास, आशीष श्रीवास, मणि शंकर श्रीवास, शुभम श्रीवास, नवीन श्रीवास, रोशन श्रीवास आदि मौजूद थे।

बिलासपुर, बुधवार 24 जून 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



### बारहमासी और विदेशी फूलों का बढ़ा क्रेज

नर्सरी के संचालक कैलाश नायक बताते हैं कि बारिश के मौसम में पौधे आसानी से जड़ पकड़ लेते हैं, इसलिए लोग प्री-मानसून के समय ही बारहमासी फूलों के पौधे खरीदकर लगा रहे हैं ताकि वे बारिश का पूरा फायदा उठा सकें। नर्सरी में इस बार विदेशी फूलों की नई वैरायटी भी आई हुई है, जिन्हें अभी लगाने पर ठंड तक बेहतरीन फूल खिलने शुरू हो जाते हैं। इन विदेशी किस्मों में डायनथस, पेओनी, आईरिस, फॉक्सग्लोव और डे-लिली के पौधे तथा बीज शामिल हैं, जिनकी एडवांस खरीदारी की जा रही है।

**मानसून से पहले मिट्टी तैयार करने विशेषज्ञ दे रहे खाद और देखभाल के खास टिप्स**

प्री-मानसून की सुगबुगाहट के साथ ही शहरवासियों ने बारिश के स्वागत की तैयारियां शुरू कर दी हैं। अपनी छतों, बाल्कनी और किचन गार्डन को हरा-भरा बनाने के लिए लोग बड़ी संख्या में नर्सरी का रुख कर रहे हैं। मानसून के पूरी तरह से दस्तक देने से पहले ही पौधों को रोपने का यह सबसे सही समय माना जाता है, इसलिए इंडोर और आउटडोर प्लांट्स की खरीदारी जोरों पर है। लोग घर के अंदर ऐसे पौधे रखना चाहते हैं, जो न केवल आकर्षक लुक दें, बल्कि वातावरण को सकारात्मक भी रखें।

# बारिश से पहले घरों को 'ग्रीन लुक' देने की तैयारी नर्सरियों में बढ़ी इंडोर-आउटडोर पौधों की डिमांड





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कम रोशनी में जीवित रहने की क्षमता के कारण 100 से 150 रुपये की कीमत वाले मनी प्लांट की सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। लोग मानसून से पहले ही पौधों को व्यवस्थित करने के लिए सिरेमिक और 'सेल्फ-वॉटरिंग पॉट' खरीद रहे हैं। इसके अलावा कॉसमॉस, जीनिया, गेंदा और सूरजमुखी के पौधों की मांग भी तेजी से बढ़ी है।

अंचल में मानसून जल्द ही दस्तक देने वाला है। प्री-मानसून की आहट और वर्षा ऋतु के आगमन की संभावना को देखते हुए शहर के नर्सरियों में तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। मानसून के सीजन को देखते हुए नर्सरियों में विभिन्न तरह के फलदार, छायादार और शोभावाले इंडोर व आउटडोर पौधे विशेष रूप से तैयार किए जा रहे हैं।



### छायादार व फलदार पौधों की मांग

नर्सरी संचालक राजा कश्यप ने बताया कि इस मौसम में छायादार व फलदार पौधों की मांग सबसे अधिक रहती है। कम देखभाल मांगने वाले और औषधीय गुणों से भरपूर पौधों की भारी डिमांड है। लोग मानसून से पहले लिली पौधे जमकर खरीद रहे हैं क्योंकि ये बारिश में तेजी से पनपते हैं और इंडोर डेकोरेशन के लिए भी बेहतरीन विकल्प हैं। बारिश के दौरान इंडोर पौधों को फंगस या नमी से बचाने के लिए नर्सरी संचालकों द्वारा ग्राहकों को प्री-मानसून केयर टिप्स दिए जा रहे हैं। साथ ही देसी-विदेशी पौधों को सही तरीके से रोपने की जानकारी भी दी जा रही है।

### मानसून सीजन पौधे के लिए लाभदायक

वर्षा काल को पौधरोपण के लिए सबसे सर्वोत्तम समय माना जाता है। इस मौसम में हवा में पर्याप्त नमी होती है और लगातार होने वाली वर्षा से पौधों की जड़ें मिट्टी को आसानी से पकड़ लेती हैं, जिससे उनके पनपने की संभावना 90 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। यही वजह है कि शहर के पर्यावरण प्रेमी और बागवानी के शौकीन लोग अभी से तैयारियों में जुट गए हैं।

### मिट्टी तैयार करने विशेष खाद की हो रही खरीदी

अच्छी बागवानी के लिए मानसून से पहले मिट्टी को पोषण देकर तैयार करना सबसे अहम होता है। इसे ध्यान में रखते हुए बाजारों और कृषि दुकानों में इंडोर और आउटडोर पौधों के लिए मौसम के अनुकूल विशेष प्राकृतिक खाद उपलब्ध है। कई लोग जहां नर्सरियों से रेडीमेड ऑर्गेनिक खाद ले जाना पसंद कर रहे है, वहीं कई गार्डनिंग प्रेमी बारिश से पहले घर पर ही उन्नत खाद तैयार करने के टिप्स भी विशेषज्ञों से ले रहे हैं ताकि पौधों का विकास बेहतर हो सके।

**उपलब्धि**

## 7 वर्षीय अन्वय ने लिखी किताब इसकी राशि करेंगे दान

**बिलासपुर।** शहर के विनोबा नगर के रहने वाले मात्र 7 वर्षीय अन्वय अग्रवाल ने इतनी छोटी सी उम्र में एक ज्ञानवर्धक किताब द लीटील एक्सप्लोरर वंडर बुक तैयार की है, जो बच्चों के लिए एक बेहतरीन एक्टिविटी और नॉलेज वर्कबुक है। इस किताब की सबसे खास और दिल छू लेने वाली बात यह है कि इसकी बिक्री से मिलने वाली पूरी राशि को अन्वय और उनके परिवार ने दान करने का फैसला किया है, ताकि जरूरतमंद बच्चों और समाज की मदद की जा सके। इन्होंने बताया कि इस किताब को खरीदकर इस नेक काम में अपना योगदान देना चाहते हैं या अपने बच्चों के लिए इसे मंगवाना चाहते हैं, तो आप अन्वय के इंस्टाग्राम अकाउंट पर सीधे मैसेज कर सकते हैं। अन्वय अग्रवाल के नाम यह कोई पहली उपलब्धि नहीं है। अन्वय ने पहले भी 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराकर वैश्विक स्तर पर बिलासपुर का मान बढ़ाया है। किताब लिखने और जनरल नॉलेज में माहिर होने के साथ-साथ अन्वय शतरंज के भी बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वे जिला और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी रणनीतिक सोच और खेल का लोहा मनवा चुके हैं।



**कार्यक्रम**

## बागेश्वरधाम मातृ शक्ति सुंदर कांड मंडल की 21 सदस्यीय कमेटी गठित



**बिलासपुर।** घर-घर सुंदरकांड हर घर सुंदरकांड बागेश्वरधाम मातृ शक्ति सुंदर काण्ड मण्डल की मंगलवार को मोपका में एक बैठक हुई। इसमें 21 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया। कमेटी के सभी सदस्यों ने बागेश्वर धाम सरकार के कार्यो में निष्ठा से सहभागिता निभाते हुए कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के आरंभ में मुख्य सेवा मण्डल प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव ने बागेश्वर धाम के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं अपने अनुभव साझा की। इसके बाद बिलासपुर की 21 सदस्यीय कोर कमेटी के सदस्यों की घोषणा की। इसमें प्रतिमा श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव, तृप्ति उपाध्याय, रीता खरे, रमा शर्मा, महिला मातृशक्ति, हिमानी सिंह, कु. मीनाक्षी श्रीवास्तव, श्वेता शास्त्री, रेखा पाण्डेय, तारणी शुक्ला, तृप्ति पाण्डेय, संगीता तिवारी, लिली सिंह ठाकुर, पूजा कर्ष, सरिता तिवारी, पूजा पाण्डेय चुनी गईं हैं। विस्तारक ग्राऊंड कार्य के लिए विभा श्रीवास्तव, रेखा दुबे, उषा साहू, शकुंतला शर्मा, स्मिता साहू को शामिल किया गया है।

**आयोजन**

## महेश नवमीं पर रक्तदान सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



बिलासपुर। शहर के माहेश्वरी समाज ने समाज की उत्पति दिवस को महेश नवमीं के रूप में धूमधाम से मनाया। इस तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार 23 जून को संध्या फेरी, भगवान महेश का अभिषेक, पूजन, आरती, प्रसाद वितरण हुआ। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समाज के बच्चों, महिलाओं ने एक से बढ़ कर एक गीत-संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी। वारूणी, प्रिया, पूनम ने कहा कि रक्तदान कर हमें आनंद की अनुभूति हुई कि हम किसी जीवनदान के सहभागी बने। विनीता माहेश्वरी ने रक्तदान का महत्व बता कर उपस्थित लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। अंजना भूतड़ा ने रक्तदान के फायदे बताए। नीलम डागा ने कहा कि रक्तदान महादान है। अध्यक्ष अनिल मुंदड़ा ने कहा कि समाज में सेवा कार्य होते रहना चाहिए। सुनील मारदा ने कहा कि रक्त का विकल्प रक्त ही है। शिविर लगाने से अनेक ग्रुप के रक्त का संग्रह हो जाता है। समाज के वरिष्ठ सदस्य सीआर मुंदड़ा ने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दी और समाज को आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में रामेंद्र, महेश के. भंडारी, दिनेश, राजेश, के. सोमानी, पवन, नितीन, निखिल भरत, अनिल के. मालपानी, जुगल, नंदकिशोर, विनय, हरीश, सरोज, शीला, विनीता आदि उपस्थित रहे।

**बैठक**

## अभा . ग्राहक पंचायत की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय




**बिलासपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की बैठक अलका एवेन्यू कॉलोनी स्थित निर्मल शेफाली घोष के निवास स्थान में आयोजित की गई। इसमें आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जिसमें एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण व संरक्षण, स्कूली बच्चों को एक ही दुकान से किताब, कॉपी लेने मजबूर करने व बिजली कटौती पर ज्ञापन देने, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का जन जागरण जगह-जगह करवाने संबंधी बातें शामिल रही। कार्यक्रम में संरक्षक सदस्य रामकली तिवारी, प्रांत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, प्रांत महिला प्रमुख सुनीता मानिकपुरी, जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार घोष, जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शेफाली घोष, सदस्य अन्नपूर्णा पवार, डॉ विद्या साहू की उपस्थिति रही।

# सीए छात्रों ने व्यावसायिक कौशल सीखा

**बिलासपुर।** आईसीएआई शाखा की सिकासा द्वारा को दो दिवसीय मेगा सेमिनार 'आवेग' का सफल आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य सीए विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञान, व्यावसायिक कौशल, परीक्षा तैयारी एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए नितिन गुप्ता, चेयरमैन, सीआईआरसी सिकासा, आईसीएआई थे।

कार्यक्रम में आईसीएआई शाखा के अध्यक्ष सीए मंगलेश पांडेय, उपाध्यक्ष सीए अविनाश टुटेजा, सचिव सीए उदयकांत चौरसिया, कोषाध्यक्ष सीए प्रखर बंसल, कार्यकारी सदस्य सीए मनीष सखुजा, सिकासा बिलासपुर की अध्यक्ष सीए मिली डे उपस्थित रहे। सेमिनार के सफल आयोजन में सीए दिनेश कुमार अग्रवाल,आरसीएम, सीआईआरसी, का विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। सेमिनार के प्रथम दिवस में सीए रिद्धि जैन एवं सीए मुस्कान अग्रवाल ने विद्यार्थियों को आधुनिक समय की चुनौतियों, लक्ष्य निर्धारण, प्रभावी अध्ययन रणनीतियों तथा व्यक्तिगत विकास से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया। द्वितीय दिवस में सीए हरप्रीत कौर होरा एवं सीए स्वधा शुक्ला ने विद्यार्थियों को पेशेवर कौशल विकास, करियर उन्मुख तैयारी, व्यावहारिक ज्ञान तथा व्यावसायिक कार्यक्षेत्र में आवश्यक दक्षताओं के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। दोनों दिवसों के सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं सहभागितापूर्ण रहे। प्रतिभागियों को विशेषज्ञ वक्ताओं के अनुभवों से सीखने, अपने कौशल को निखारने तथा भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम की सफलता में सिकासा टीम एवं स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अंत में सिकासा बिलासपुर द्वारा सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया। आईसीएआई शाखा की सिकासा भविष्य में भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं कौशल संवर्धन ऐसे ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।



## सर्वेश्वरी समूह का स्वच्छता जागरूकता अभियान

**बिलासपुर।** अघोरपीठ श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम की कृपा एवं पूज्य गुरुदेव गुरूपद संभवराम बाबा के निर्देशन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत बिलासपुर एवं आसपास के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में स्थित विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों एवं गिरजाघरों में 300 झाडुओं का निःशुल्क वितरण किया गया।

समूह के सदस्यों ने विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर श्री सर्वेश्वरी समूह द्वारा संचालित 19 सूत्रीय जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। यह अभियान शाखा मंत्री उमेश नारायण मिश्रा के नेतृत्व में संचालित किया गया। अभियान के दौरान कोनी, सेंदरी, तुरकाडीह, निरतू, घुटकु, रमतला, बिरकोना, बैमा नगोई, रानीगांव, रतनपुर सहित शहर के गोलबाजार, सरकण्डा, तिलक नगर, गोड़पारा, शनिचरी बाजार, मसानगंज, चांटीडीह, चिंगराजपारा, लिंगियाडीह, दयालबंद, बसंत विहार, राजकिशोर नगर, मोपका, जरहाभाठा, गंगा नगर, नेहरू नगर, सिंधी कॉलोनी, पारीजात कॉलोनी एवं विनोबा नगर आदि क्षेत्रों के लगभग 150 मंदिरों, मस्जिदों, गुरुद्वारों और गिरजाघरों में झाड़ू वितरित किया गया।



शाखा मंत्री उमेश नारायण मिश्रा ने बताया कि सर्वेश्वरी समूह द्वारा जुलाई माह में ग्रामीण अंचल में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। आगामी 29 जुलाई को आश्रम परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।

**स्पोटर्स न्यूज**

# फाउंडेशन वॉरियर्स उपविजेता बनीं, प्रिंस ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बेसबॉल प्रीमियर लीग के अंतिम दिवस रोमांच, संघर्ष और खेल भावना से भरपूर मुकाबले देखने को मिले आयोजन सचिव अख्तर खान ने बताया कि फाइनल मैच में फाउंडेशन वॉरियर्स तथा मौसा जी जायंट्स के बीच मुकाबला हुआ। पहली इनिंग में फाउंडेशन वॉरियर्स ने दो रन बनाकर 2-0 बढ़त हासिल किए। लेकिन मौसाजी जायंट्स ने दूसरी इनिंग में शानदार बातचीत करते हुए मैच को दो-दो से बराबर कर दिया। निर्णायक अंतिम इनिंग में फाउंडेशन वॉरियर्स ने एक रन बनाकर 3-2 की बढ़त हासिल कर लिया। लेकिन अंतिम समय में मौसा जी जॉइंट्स के खिलाड़ियों ने मैच अपने पक्ष में कर लिया और 4-3 से मौसा जी जॉइंट्स ने यह खिताब जीत लिया। फाउंडेशन वॉरियर्स की टीम उपविजेता रही।

फाइनल मुकाबले में अतिथि के रूप में प्रिंस भाटिया अध्यक्ष फाउंडेशन क्रिकेट अकादमी डॉक्टर पलक जायसवाल अध्यक्ष जीटीबी ग्रुप का कॉलेज निखिल खंडेलवाल सुश्री मिताली घोष शंकर यादव जावेद अली मौजूद थे। अतिथियों ने विजेता उप -विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे। उपविजेता टीम फाउंडेशन वारियर्स को बीपीएल ट्रॉफी के साथ ही 15 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के अध्यक्ष प्रिंस भटिया ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। तथा फाउंडेशन वॉरियर्स की टीम को उपविजेता बनने पर बधाई देते हुए टीम के सभी खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। तथा प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट में खिलाड़ियों हर्ष देवांगन भूमिका श्रीवास के प्रदर्शन की तारीफ की। पूरी प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन, खेल भावना और उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ प्रदेश के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का मंच प्रदान करती हैं। आयोजन समिति ने बताया कि चैंपियन मौसाजी जायंट्स ट्रॉफी व 21 हजार नगद पुरस्कार दिया गया। तृतीय स्थान लक्ष्मी स्पोर्ट्स फाइटर्स ट्रॉफी व 11 हजार नगद पुरस्कार दिया गया।

### बेस्ट खिलाड़ी का दिया ईनाम

बेस्ट कैचर अर्शलिन शाह फाउंडेशन वॉरियर्स तथा प्लेयर ऑफ द टूर्नमेंट हर्ष देवांगन फाउंडेशन वॉरियर्स को प्रदान किया गया है। आयोजन को सफल बनाने में देव रुद्राकर मोहम्मद जाकिर परिवेश दीवान,लखन देवांगन संदीप गाहिरे,अंकुर रजक शिशिर निषाद अमितेश बाकरे, तरन्नुम खान,ऋचा प्रजापति नेहा यादव,हरीश मौर्य, शत्रुघ्न वर्मा, विशाल बंजारे,अभय मंडल,संदीप वर्मा ने अपना योगदान दिया।

## खबर संक्षेप

### लोरमी में व्यवहार न्यायालय भवन के लिए 10 करोड़ स्वीकृत

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रयास से लोरमी क्षेत्र में न्यायिक ढांचे को मजबूत करने बड़ी सौगात मिली है। नए व्यवहार न्यायालय भवन में 4 कोर्ट रुम सहित भवन निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण होने से क्षेत्र के लोगों को न्याय प्राप्ति में सुगमता मिलेगी। इस संबंध में अतिरिक्त सचिव विधि और विधायी विभाग कार्य विभाग भूपेंद्र कुमार वासनिकर द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन कोर्ट रूम सहित भवन निर्माण के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को 10 करोड़ 6 लाख 4 हजार रुपए की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय त्रिपाठी सहित सभी अधिवक्ताओं ने नवीन व्यवहार न्यायालय भवन की स्वीकृति मिलने से उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति आभार प्रकट किया है।

### पशु चिकित्सा विभाग चला रहा टीकाकरण अभियान

**मुंगेली।** वर्षा ऋतु में गौवंशीय एवं भैंसवंशीय पशुओं को संक्रामक रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पशु चिकित्सा विभाग द्वारा व्यापक टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के तहत जिले के लाखों पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक आरएम त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले में 01 लाख 91 हजार गौवंश एवं भैंसवंशीय पशुओं को गलघोंटू तथा 01 लाख 02 हजार बछड़ा-बछियों को एकटंगिया रोग से बचाव के लिए टीके लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गलघोंटू एवं एकटंगिया वर्षा ऋतु के प्रारंभ में फैलने वाले गंभीर भूमिजन्य संक्रामक रोग हैं। गलघोंटू रोग का प्रकोप सामान्यतः स्वस्थ एवं युवा गौवंश और भैंसवंशीय पशुओं में अधिक देखा जाता है, जबकि एकटंगिया रोग से दो वर्ष तक की आयु के बछड़े एवं बछिया सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। समय पर उपचार एवं टीकाकरण नहीं होने पर इन रोगों से पशुओं की मृत्यु तक हो सकती है।

### जनदर्शन में मिले 180 से अधिक आवेदन

**मुंगेली।** जनदर्शन में जाति प्रमाण पत्र, नाम सुधार, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न जनहित से जुड़े 180 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण की प्रक्रिया तत्काल प्रारंभ कर दी गई है। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। खैरा-सेतगंगा निवासी अशोक नट ने जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने, ग्राम पेण्ड्रीतालाब की यशोदा यदु ने बी-1 अभिलेख में नाम संबंधी त्रुटि सुधार कराने तथा ग्राम बघनी भांवर के ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थल पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग रखी।

## निधन

### केशव प्रसाद तिवारी



**बिलासपुर।** देवनन्दन नगर फेस -1 ग्राम (सिंघरी) निवासी कृषि विभाग से सेवानिवृत केशव प्रसाद तिवारी का 23 जून मंगलवार को स्वर्गारोहण हो गया है, उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में 23 जून मंगलवार को किया गया।

### शारदा मणी गुप्ता



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर निवासी शारदा मणी गुप्ता (लखराम वाले) का 23 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तीधाम में किया गया। वे बलराम प्रसाद गुप्ता की पत्नी, एवं आशीष गुप्ता की माता थीं।

### कचरा बाई पटेल



**बिलासपुर।** ग्राम लोखंडी वार्ड नंबर 14 निवासी कचरा बाई पटेल का निधन 22 जून को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार लोखंडी मुक्तिधाम में किया गया। वे घनश्याम पटेल की माता थीं।

## कन्नौजे रजक समाज का वार्षिक सम्मेलन

# एकता, शिक्षा व संस्कार ही समाज की वास्तविक शक्तिः धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

ग्राम लाखासार में कन्नौजे रजक समाज के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह थे।

इस मौके पर श्री सिंह ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता,शिक्षा और संस्कारों में निहित होती है कन्नौजे रजक समाज ने सामाजिक संगठन, आपसी सहयोग और सांस्कृतिक मूल्यों को संजोकर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। रजक समाज मेहनत, ईमानदारी और सेवा भाव के लिए जाना जाता है इस समाज के लोगों ने अपने परिश्रम और समर्पण से हर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कार्यक्रम को भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार, जिपं उपाध्यक्ष ललिता कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, विशाल विक्की सिंह, जिपं सभापति अंबिका साहू, रामकुमार निर्मलकर, वंदना सिंह, विश्राम निर्मलकर, लक्ष्मीकांत निर्मलकर, सखाराम निर्मलकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विजय निर्मलकर एवं आभार प्रदर्शन दिलहरण रजक ने किया। इस अवसर पर अलखराम निर्मलकर सरपंच, दीपक रजक, हरिशंकर उजागर, सूरज रजक, भोजेश्वर रजक, डीआर कर्ष, मनु रजक, बहोरन कर्ष, महेश कर्ष, दूजराम कर्ष, प्रमोद निर्मल सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित विधायक धर्मजीत सिंह।

# अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ ने प्रदेशभर के निजी स्कूलों में पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति में हो रही देरी और अव्यवस्था को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

संघ के पदाधिकारियों ने डिप्टी कलेक्टर श्री चन्द्रा को ज्ञापन सौंपते हुए पाठ्यपुस्तक निगम के अधिकारियों पर विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। साथ ही दोषी अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई और तत्काल पुस्तक वितरण सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले कई वर्षों से राज्य शासन द्वारा विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें समय पर उपलब्ध कराई जाती रही हैं। लेकिन सत्र 2025-26 से पाठ्यपुस्तक निगम की कार्यप्रणाली में आई अव्यवस्था के कारण स्कूलों को सितंबर तक किताबों का इंतजार करना पड़ा था। कई विषयों की पुस्तकें तो पूरे शैक्षणिक सत्र में भी नहीं पहुंच सकीं। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि गत वर्ष निगम ने पूर्व व्यवस्था को बदलते हुए निजी विद्यालयों को निर्धारित डिपो के माध्यम से अधूरी पुस्तकें उपलब्ध कराईं, जिससे स्कूल संचालकों और विद्यार्थियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इतना ही नहीं, पुस्तकों पर बारकोड स्कैनिंग की नई व्यवस्था लागू किए जाने से पुस्तक मिलने के बाद भी कई दिनों तक उनका उपयोग नहीं हो सका, जिससे पढ़ाई प्रभावित हुई। संघ ने कहा है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो छत्तीसगढ़ राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ 25 जून को प्रदेश के सभी निजी विद्यालयों में शिक्षण कार्य बंद रखकर जिला मुख्यालयों में कलेक्टर कार्यालय के सामने प्रदर्शन करेगा। वहीं 5 जुलाई तक भी पुस्तक वितरण नहीं होने की स्थिति में प्रदेशभर के निजी विद्यालय संचालक, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के पालकों के साथ राजधानी रायपुर में व्यापक आंदोलन और प्रदर्शन किया जाएगा।



ज्ञापन देते अशासकीय शिक्षक संघ के सदस्य।



जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थी एवं स्टाफ।

# राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने किया प्रेरित

मुंगेली। बीआरएसएम कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र में मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में वर्णित मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा उनके महत्व को समझाना था।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संविधान के अनुच्छेद 51 (क) में वर्णित 11 मौलिक कर्तव्यों का संक्षिप्त एवं प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया गया। विद्यार्थियों ने अपने विचारों के माध्यम से बताया कि नागरिकों के लिए इन कर्तव्यों का पालन क्यों आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेन्द्र सिन्हा द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने विद्यार्थियों को मौलिक कर्तव्यों को दैनिक जीवन के आचरण में अपनाने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विस्तारपूर्वक बताया कि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन कर देश की प्रगति एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनिका सिंह, सहायक ग्रंथपाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# राजस्व विभाग की बैठक में की गई तहसीलवार कार्यों की समीक्षा

**मुंगेली।** जिले में राजस्व सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशन में आयोजित बैठक में जिले की सभी तहसीलों मुंगेली, लोरमी, पथरिया, सरगांव, जरहागांव एवं लालपुर थाना क्षेत्र के राजस्व कार्यों की तहसीलवार समीक्षा की गई।

इस दौरान नक्शा बटांकन, मसाहती, सीमांकन, वनाधिकार अधिनियम, स्वामित्व योजना, अभिलेख अद्यतनीकरण तथा विभिन्न राजस्व प्रकरणों की प्रगति का विस्तार से मूल्यांकन किया गया। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी लंबित प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों में अपेक्षित गति लाई जाए। बैठक में एग्रीस्टेक फार्मर रजिस्ट्री एवं फार्मर आईडी निर्माण अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। एडीएम श्रीमती निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक पात्र किसान का पंजीयन मिशन मोड में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन किसानों का पंजीयन अभी शेष है, उनके लिए तहसील कार्यालयों के साथ-साथ मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांव-गांव पहुंचकर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। अपर कलेक्टर जी.एल. यादव ने किसान पंजीयन, आधार एवं मोबाइल सीडिंग तथा किसान किताब अद्यतन कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में ई-कोर्ट अंतर्गत राजस्व प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, डायवर्सन, त्रुटि सुधार, वृक्ष कटाई अनुमति, भुइयां पोर्टल, डिजिटल हस्ताक्षरित खसरा-खाते, डिजिटल ऋण पुस्तिका, अभिलेख शुद्धता तथा आधार, मोबाइल एवं किसान किताब सीडिंग की प्रगति की भी गहन समीक्षा की गई। हाईकोर्ट में लंबित राजस्व प्रकरणों, आई-गॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रशिक्षण, पट्टाधृति अधिनियम-2023 के तहत सर्वे कार्य एवं राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने और जिले की रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



राजस्व अधिकारियों की बैठक लेते एडीएम।

# सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने मांगों को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ब्लॉक तखतपुर के अध्यक्ष अमलेश कुमार पाली की अगुवाई में व्हीएसके ऐप के द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति में शिक्षकों को हो रही विभिन्न समस्याओं के संबंध में जब तक ऐप की लोकेशन संबंधी एवं अन्य समस्याएं दूर नहीं हो जाती ऑनलाइन उपस्थिति से शिक्षकों को राहत देने एवं ऑनलाइन उपस्थिति हेतु विभाग के द्वारा शालाओं को उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने सेवा पुस्तिका में शिक्षक पात्रता परीक्षा को इंद्राज करने, सेवा पुस्तिका संधारण, जीपीएफ संधारण आदि के बारे में विस्तृत चर्चा कर ज्ञापन सौंपा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सकारात्मक बातें कही गई। जनगणना कार्य में लगे पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों के प्रथम चरण के मानदेय एवं कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी करने तहसील तखतपुर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्यवाही हेतु आग्रह किया गया। तहसीलदार ने उच्च कार्यालय से मार्गदर्शन प्राप्त कर उक्त मांगों पर शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# प्रशासन ने रुकवाया नाबालिग का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर एक नाबालिग का बाल विवाह रोका गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 में प्राप्त सूचना के आधार पर महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा पुलिस विभाग की टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए संयुक्त कार्यवाही की। टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान बाल विवाह की पुष्टि हुई।

अधिकारियों ने परिजनों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से समझाया। प्रभावी काउंसलिंग और समझाइश के बाद परिजनों ने बाल विवाह नहीं कराने की सहमति दी तथा विवाह कार्यक्रम को स्थगित कर दिया। बालिका को आगे की काउंसलिंग एवं आवश्यक संरक्षणात्मक कार्यवाही के लिए बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रशासन की समयबद्ध पहल से न केवल एक बाल विवाह रोका गया, बल्कि बाल अधिकारों की रक्षा और जागरूकता का सकारात्मक संदेश भी समाज तक पहुंचा। जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला ने बताया कि बच्चों का सुरक्षित बचपन, शिक्षा और बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सभी विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं। कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या निकटतम प्रशासनिक अधिकारी को सूचित करें, ताकि समय रहते बच्चों के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।



# सकर्रा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**सकर्रा।** आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के शासकीय हाई स्कूल प्रांगण में निःशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर का समापन हुआ। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सभी वर्ग के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

योग प्रशिक्षक सुनील कुमार कौशिक प्रोटोकॉल के द्वारा योगाभ्यास कराया गया। स्कूल स्टाफ प्राचार्य व शिक्षक, जनप्रतिनिधि, सरपंच व पंच, आंगनबाड़ी स्टॉफ, समाज वरिष्ठजन, ग्रामीणजन एवं बालक, बालिका को सूक्ष्म प्राणायाम, आसन, प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक सुनील कुमार कौशिक ने सभी को योग से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक लाभ को बताया एवं प्रतिदिन दिनचर्या में योग को शामिल करने को कहा। प्रकृति को सुंदर रखने के लिए स्कूल प्रांगण में स्वच्छता, नशामुक्ति जन जागरूकता का संदेश भी दिया गया।



# राघवेंद्र पटेल हत्याकांडः दो दोषियों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती ज्योति अग्रवाल की अदालत ने चर्चित राघवेंद्र पटेल हत्याकांड में फैसला सुनाया। न्यायालय ने दो मुख्य आरोपियों ऋषि रैदास और रविशंकर श्रीवास्तव को हत्या, साक्ष्य छिपाने और आपराधिक षड्यंत्र का दोषी पाए जाने आजीवन कारावास की सजा दी है। एक अन्य आरोपी संतोष चौधरी को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया है। मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने पैरवी की। यह घटना जून 2021 की है, जब मरवाही थाना क्षेत्र के ग्राम-उजवनडांड में आरोपियों ने आपसी साजिश के तहत राघवेंद्र पटेल की गमछे से गला घोंटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद अपराध को छिपाने के लिए उन्होंने शव पर पेट्रोल डालकर उसे जला दिया था। मामले में एक अन्य आरोपी काजल कुमार मन्ना अभी भी फरार है। अदालत ने ऋषि और रविशंकर को क्षणिक लालच में हत्या का दोषी मानते हुए धारा 302, 201 और 120बी के तहत उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई है और ये सभी सजाएं एक साथ चलेंगी।

# जिले के 119 अमृत सरोवरों पर किया गया सामूहिक योगाभ्यास

मुंगेली। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत विकसित जिले के सभी 119 अमृत सरोवरों पर सामूहिक योगाभ्यास एवं जनजागरूकता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को नियमित योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के दौरान योग के साथ-साथ जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का भी व्यापक संदेश दिया गया। ग्रामीणों को अमृत सरोवरों के संरक्षण, रखरखाव और जनभागीदारी के माध्यम से उन्हें सतत विकास के केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। जिले के अमृत सरोवरों में आयोजित इन कार्यक्रमों में हजारों ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर नियमित योगाभ्यास, जल एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ज्ञापन**

क्रमांक/ कार्यालय/रा.नि./क्यू./2026
कोनी, दिनांक 22/06/2026

प्रति, 1. निखर शारदा साहू पिता तरूण कुमार साहू 2. सुनंदा गढ़ेवाल 3. अर्चना शर्मा 4. पाण्डेय जी 5. नगर निगम जोन क्रमांक 08

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति होने बाबत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम कोनी प.ह.न. राजस्व निरीक्षक मंडल कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 117/6, 117/7 रकबा क्रमशः 0.0444,0418 हे. के सीमांकन हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 25.06.2026 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. कोनी
तहसील बिलासपुर

**आम सूचना**
**नाम सुधार बाबत्**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अंजनी पटेल पति श्री अश्वनी पटेल निवासी बड़ी कोनी तहसील व जिला बिलासपुर की हूँ जो कि मेरे पुत्र आस्तिक पटेल जन्म तिथि 07.09.2010 के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र बनवाई हूँ जिसमे मेरा अर्थात माता का नाम त्रुटिवश अंजली पटेल दर्ज हो गया है जबकि मेरा सही, असली व वास्तविक नाम अंजनी पटेल है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है मैं अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में त्रुटिवश लिखित अंजली पटेल को सुधार कर अंजनी पटेल नगर निगम अभिलेख व जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज कराकर त्रुटि सुधार कराना चाहती हूँ उक्त सम्बन्ध में आम सूचना प्रकाशित है।

भवदीय
अंजनी पटेल
वास्ते- व्ही एस तिवारी
(अधिवक्ता)
बिलासपुर (छ. ग.)

**आम सूचना**
**नाम सुधार बाबत्**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अंजनी पटेल पति श्री अश्वनी पटेल निवासी बड़ी कोनी तहसील व जिला बिलासपुर के हूँ जो कि मेरी पुत्री आकृति पटेल जन्म तिथि 13.11.2011 के अनुसार जन्म प्रमाण पत्र बनवाई हूँ जिसमे मेरे पति अश्वनी पटेल का अंग्रेजी में त्रुटिवश ASWANI PATEL नाम दर्ज है जबकि मेरे पति का अंग्रेजी में नाम ASHWANI PATEL है। जिसे नगर निगम अभिलेख व जन्म प्रमाण पत्र में ASWANI PATEL के स्थान पर ASHWANI PATEL दर्ज कराकर त्रुटि सुधार कराना चाहती हूँ उक्त सम्बन्ध में आम सूचना प्रकाशित है।

भवदीय
अंजनी पटेल
वास्ते- व्ही एस तिवारी
(अधिवक्ता)
बिलासपुर (छ. ग.)

**सूचना**
**कार्यालय पटवारी हल्का नंबर 10, तहसील बोदरी**

प्रति,
कमलजीत नोत्रा पति जसपाल नोत्रा
सरोज पति अमरजीत

विषय: फर्द बंटवारा के समय मौके पर उपस्थित होने बाबत।

विषयांतर्गत लेख है कि ग्राम पेण्ड्रीडीह प.ह.नं.10, रा.नि.मं. बिल्हा तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा नं. 267/1, 268/1 एवं 267/3, 268/3 रकबा क्रमशः 0.276 हे. एवं 0.275 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार बोदरी के ज्ञापन स्मरण पत्र दिनांक 08.06.2026 के परिपालन में मौके पर उपस्थित होकर फर्द बंटवारा सूची तैयार किया जाना प्रस्तावित है।

अतः दिनांक 24.06.2026 को मौके पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें ताकि न्यायालयीन कार्य का परिपालन किया जा सके।

पटवारी
ओमप्रकाश भारद्वाज
प.ह.नं.10

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं राम कुमार माथुर उम्र 56 पिता का नाम सुकृत दास जाति सतनामी निवासी ग्राम पेटुलकापा पोस्ट जरेली तहसील व थाना पथरिया जिला मुंगेली छ.ग. का निवासी हूँ। जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में नाम खिलेश्वरी माथुर (आधार क्रमांक 4526 2354 3906) नाम दर्ज है जो कि गलत नाम है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम जन्म प्रमाण पत्र और पाचंवी के अंकसूची के अनुसार जानकी माथुर नाम है। मेरे पुत्री के भविष्य में नाम जानकी माथुर के नाम से जाना पहचाना एवं संबोधन किया जावें। जिसके संबंध में यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ।

अतः सूचना जानें।

राम कुमार माथुर
आवेदक

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार सुलोचिनी सिंह चंदेल पति श्री लवकुमार चंदेल निवासी वार्ड नं. 13, सिचाई कालोनी अकलतरा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने श्री दीपांकर घोष, उम्र 55 वर्ष, पिता स्व.एस.के.घोष, जाति बंगाली, निवासी- क्वार्टर नं. 04 केसर आवास राजकिशोर नगर बिलासपुर (छ.ग.) से उसके संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की मौजा मोपका, प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका, जिला बिलासपुर स्थित विवेकानंद नगर खसरा नंबर 734/13 मे से रकबा 864 वर्गफुट जिसमें दो मंजिला मकान निर्मित है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर एडवांस राशि प्रदान कर चुकी है, जिसका पंजीयन बैनामा निकट भविष्य में होना तय है। उक्त भूमि मय मकान के संबंध मे जिस किसी भी व्यक्तियों, शासकीय-अर्द्धशासकीय संस्थायें, निगम, बैंको को किसी प्रकार की कोई दावा या आपत्ति हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से मय दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकते है, अन्यथा समयावधि अवसान पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने !
दिनांक - 23.06.2026
स्थान – बिलासपुर (छ.ग.)

भवदीय
अजय सिंह चंदेल
(अधिवक्ता)
मो.नं. 9977429064, 8827781074

**सक्षम नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**-:: शपथ पत्र ::-**

मैं राहूल गोरख उम्र-45 वर्ष पिता स्व. श्री नर्मदा प्रसाद गोरख (पिता), निवासी-दयालबंद नयापारा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) हूँ, जो एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ :-

(1) मैं राहूल गोरख उम्र 45 वर्ष पिता स्व. श्री नर्मदा प्रसाद गोरख (पिता), निवासी-दयालबंद नयापारा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) हूँ।

(2) मैं अपने नाबालिग पुत्र युवराज गोरख (YUVRAJ GORAKH) से बदलकर निष्कर्ष गोरख (NISHKARSH GORAKH) करवाना चाहता हूँ।

(3) मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

(4) मेरा पुत्र युवराज गोरख (YUVRAJ GORAKH) को हमारे नाबालिग पुत्र के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

राहूल गोरख
शपथकर्ता

**-::सत्यापन::-**

मैं राहूल गोरख उम्र 45 वर्ष पिता स्व.श्री नर्मदा प्रसाद गोरख सत्यापित करता है कि क्र. 01 से 04 तक मेरे ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक 23 जून 2026 को बिलासपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

राहूल गोरख
शपथकर्ता

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# बारिश के इंतजार में हैं अंचल के किसान



## नैनो उर्वरक किसानों के लिए किफायती

कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का विस्तार अब किसानों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खोल रहा है। खेती की बढ़ती लागत और मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने की चुनौती के बीच नैनो उर्वरक किसानों के लिए किफायती एवं प्रभावी विकल्प बनकर उभर रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब जिले में दिखाई देने लगा है। जिले के ग्राम केहरपुर के किसान सूर्यप्रकाश ने बताया कि उन्होंने अपनी फसल में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का उपयोग किया है। इसके उपयोग से उन्हें फसल को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने में सुविधा हुई है तथा खाद पर होने वाले खर्च में भी कमी आई है। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से खेती अधिक व्यवस्थित और लाभकारी बन रही है। कृषि विभाग के उपसंचालक ने बताया कि नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का संतुलित उपयोग फसलों की वृद्धि में सहायक होने के साथ-साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने और मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

जून का चौथा सप्ताह खत्म होने को है और जिले के लोग मानसून की झमाझम बारिश के इंतजार में हैं। खेतों की मेड़ों पर खड़े किसान रोज आसमान को निहार रहे हैं। बादल आते हैं और बिना बरसे लौट जाते हैं। बीते दो दशकों में मानसून के आगमन का इतना लंबा इतजार विरले ही देखने को मिला है। पिछले एक सप्ताह से कभी-कभार कुछ देर हल्की बारिश हुई है।

# बिना बरसे ही लौट रहे बादल

**मुंगेली।** जून का महीना आधे से अधिक गुजर जाने के बाद भी मानसून की कोई आहट नजर नहीं आ रही है। बताया जाता है कि इस बार मानसून की धीमी रफ्तार के पीछे समुद्र में बनने वाली वे मौसम प्रणालियां समय पर सक्रिय नहीं हो सकी, जो सामान्य रूप से मानसून को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। अरब सागर में जून के दौरान कोई प्रभावी चक्रवाती तंत्र विकसित नहीं हुआ। दूसरी ओर बंगाल की खाड़ी में भी मजबूत निम्न दाब दक्षेत्र या दबाव का दक्षेत्र समय पर नहीं बन सका। यही कारण है कि मानसूनी हवाओं को अपेक्षित गति नहीं मिली और उनका विस्तार धीमा पड़ गया। इसके साथ ही प्रशांत महासागर में सक्रिय अल नीनो जैसी परिस्थितियों का असर भी मानसून की ताकत पर दिखाई दे रहा है। मानसून की इस देरी का सबसे बड़ा असर खेती-किसानी पर पड़ रहा है। जिले की कृषि व्यवस्था लगभग पूरी तरह धान और वर्षा पर निर्भर है। अच्छी बारिश होने पर इसी अवधि में खेतों में बोनी का काम शुरू हो जाता है, लेकिन इस बार अधिकांश खेत खाली पड़े हैं। गावों में किसानों ने खेतों की जुताई और पाटा चलाने का काम भी कई जगहों पर शुरु नहीं हो पाया है। बीज भी खरीदे जा चुके हैं, लेकिन पर्याप्त नमी नहीं होने से बोनी शुरू नहीं हो पा रही। कृषि अधिकारियों का कहना है कि धान की बोनी में अत्यधिक देरी होने पर उत्पादन प्रभावित होने की आशंका रहती है। दूसरी ओर खाद की उपलब्धता को लेकर भी किसानों की चिता बढ़ रही है। कई किसानों का कहना है कि बारिश के साथ यदि खाद की माग अचानक बढ़ी तो संकट और गहरा सकता है।

## शिक्षा से होता है सर्वांगीण विकास



**लोरमी।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और सायकिल, ड्रेस, बैग वितरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास होता है। इस अवसर पर बीईओ मनीषा पाटले, नगर पालिका के उपाध्यक्ष डॉ अशोक जायसवाल पूर्व पार्षद सुरेश श्रीवास, प्राचार्य सुरेश शुक्ला, व्याख्याता नंदकुमार दास वैष्णव, प्रमोद चतुर्वेदी, राघवेंद्र कुमार सोनी, अरविंद मिश्रा, रघु राज कुलमित्र, बीआर साहू, प्रधान पाठक संध्या चतुर्वेदी, अमित गुप्ता, ऋषभ त्रिपाठी, गजेश कुमार संडे, युवन राजपूत, भारती साहू, रजनी राठौर, आरती देवांगन, मोनिका सिंह कोमल गुप्ता, त्रिवेणी ध्रुव,अशोक ध्रुव, अमन कुलमित्र ,दुर्गेश श्रीवास, चंदेल मरावी और बच्चे व पालक उपस्थित रहे।

## अभिभावकों ने समझी स्मार्ट शिक्षा की तकनीक



**जरहागांव।** एएसएस अग्रवाल ग्रुप रायपुर के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में संचालित डीवीआई स्मार्ट स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत एवं सम्मान रहा। विद्यालय परिवार द्वारा बच्चों को शैक्षणिक किट प्रदान संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. एलपी अग्रवाल ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें विद्यालय प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय द्वारा संचालित स्मार्ट शिक्षा प्रणाली का विस्तृत प्रस्तुतीकरण भी दी गई। समस्त गतिविधियों को परिचित कराने में एएसएस अग्रवाल ग्रुप तथा एसओओएस रानी, पीआरओ मनीषा त्रिपाठी, इवेंट कोआर्डिनेटर रश्मि पांडेय, नेहा धुरी, ममता साहू का विशेष योगदान रहा।

## बदरा स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव



**सरगांव।** शासकीय पूर्व माध्मिक शाला एवं हाई स्कूल बदरा ब के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रवेश उत्सव सत्र 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सभापति अंबालिका साहू, जनपद सदस्य सुंदर साहू, सरपंच केदार वर्मा, शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष शेष वर्मा एवं सदस्य प्रभारी प्राचार्य नाजिया अहमद जुंजानी, व्याख्याता अनिता बंजारे प्रधान पाठक राजेंद्र निर्मलकर समस्त शिक्षक एंव छात्र, छात्राओ कि उपस्थिति में अतिथियों के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। निःशुल्क किताबें एवं गणवेश वितरण किया गया। कक्षा दसवीं के प्रथम तीन स्थान प्राप्त छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

## अच्छे अवसरों पर कार्य करने से बढ़ता है उत्साह



**तखतपुर।** सोनबंधा के प्रायमरी और मिडिल स्कूल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन सरपंच मीना विवेकानंद दिवाकर की उपस्थिति में मनाया गया। सर्वप्रथम नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल से तिलक लगाकर स्वागत किया गया पुस्तकें प्रदान की गई और मुंह मीठा कराया गया। सरपंच मीना विवेकानंद दिवाकर ने कहा कि हम सभी किसी भी कार्य की शुरूआत के लिए एक अच्छे अवसर की तलाश करते हैं, साथ ही अच्छे अवसरों और उत्साह पूर्वक वातावरण में यदि कोई कार्य किया जाए तो उसमें उत्साह दुगना हो जाता है। जब बच्चे पहले ही दिन विद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण में परिजनों और प्रतिनिधियों के बीच में रहकर उपस्थित रहते हैं तो उनके लिए अच्छा अवसर होता है और यह अवसर पर उन्हें पूरी शिक्षा काल के दौरान याद रहता है। कार्यक्रम में स्मृति खाण्डे, भानू प्रताप अनंत, राजकुमार, उत्तरा मोहले, भरत जांगड़े, हेमंत खाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।



## जरुरतमंदों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम कर रहा बंधन बैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सामाजिक संस्था बंधन बैंक द्वारा फाउंडर्स प्लेज प्रोजेक्ट-12बी के अंतर्गत टार्गेटिंग द हार्डकोर पुअर प्रोग्राम का संचालन किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य समाज के अत्यंत गरीब एवं वंचित परिवारों को आर्थिक, सामाजिक एवं आजीविका के क्षेत्र में सशक्त बनाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना है।

इस कार्यक्रम के तहत चयनित लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण, आजीविका संबंधी परिसंपत्तियों का वितरण, वित्तीय साक्षरता, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता, बच्चों की शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने तथा बचत की आदत विकसित करने जैसे कार्य किए जा रहे हैं। परियोजना के प्रमुख उद्देश्यों में परिवारों की मासिक आय में वृद्धि, सुरक्षित आवास, बच्चों की शिक्षा, नियमित बचत, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना शामिल है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बंधन एनजीओ कोलकाता से प्रोग्राम ऑफिसर विकास डे सरकार, वरिष्ठ एसी दीपेश एवं शाहिद मोहम्मद, ब्रांच मैनेजर मिनियम दत्ता, सीओ लक्ष्मी प्रसाद बधेल, सीओ भानु प्रताप जोशी, सीओ विकेश कुर्रे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। ग्राम पंचायतों से भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें गुनसरी की सरपंच प्रतिनिधि देवेंद्र कुर्रे, खपरी के सरपंच शिवमोहन बंजारे एवं नगोई के सरपंच हरप्रसाद चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

# मरवाही के अपहृत व्यापारी को पुलिस ने सकुशल किया बरामद






हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

वर्षों जिले में दिनदहाड़े हुए चर्चित गिरीश यादव अपहरण मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। मरवाही थाना क्षेत्र के उषाढ़ गांव से 20 जून को पिस्टल की नोक पर अगवा किए गए व्यवसायी गिरीश यादव को पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर सकुशल बरामद कर लिया है।
पुलिस के मुताबिक अपहरणकर्ताओं ने गिरीश यादव को छोड़ने के एवज में 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी और जान से मारने की धमकी भी दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए साइबर सेल और मरवाही पुलिस की संयुक्त टीम ने सीडीआर, टावर लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और अंतरराज्यीय समन्वय के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही। इस मामले में महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक पिस्टल, छह जिंदा कारतूस, छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन और नीली बत्ती लगी पुलिस लिखी स्कॉर्पियो वाहन भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार 20 जून की सुबह 110 बजे गिरीश यादव पिता रंजित यादव उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम उषाढ़ को पिस्टल दिखाकर उसके घर से दो अज्ञात व्यक्तियों अपहरण कर लिया गया था। आरोपियों ने पीड़ित गिरीश यादव के घर में छुटे मोबाइल पर अज्ञात मोबाइलधाकर के द्वारा कॉल करके गिरीश यादव को छोड़ने के एवज में 20 लाख रुपए की मांग की एवं नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने नंबर का सीडीआर, टावर लोकशन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के सही लोकेशन का पता लगाया तथा विभिन्न राज्यों में पुलिस टीम भेजा जाकर अपहृत गिरिश यादव को सही सलामत बरामद किया गया। मामले में 3 अपहर्ताओ को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। न्यायालय के समक्ष पेश कर आरोपियों को पुलिस रिमांड में लिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

पुंडलिक केंद्रे पिता लक्ष्मण केंद्रे जाति बंजारी उम्र 37 साल साकिन उमरगा (रेतू) थाना जलकोट जिला लातूर महाराष्ट्र
चंद्रेशखर पिता गंगाराम उम्र 30 साल साकिन बाशनी जोधपुर सरस्वती नगर ओम कालोनी जिला जोधपुर राजस्थान
शेषपाल सिंह पिता हरि प्रसाद सिंह जाति यादव उम्र 30 साल साकिन नगला भिक्की सुराया थाना एंका जिला फिरोजाबाद (उ.प्र.)

### बरामद सामग्री

एक पिस्टल एवं 6 नग जिंदा कारतूस
6 नग एन्ड्राईड मोबाईल फोन
एक स्कार्पियो वाहन जिसमें नीली बत्ती एवं पुलिस लिखा प्लेट लगा हुआ है

# भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में सर्व समाज, की कड़ी निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

बिहार में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर अब स्थानीय स्तर पर ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में सर्व समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों और नागरिकों ने इस एनकाउंटर की कड़े शब्दों में निंदा किया है। बैठक में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत भरत तिवारी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

■ राष्ट्रपति के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि इस दुखद घटना से पूरे समाज में असुरक्षा और रोष का माहौल है। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना बेहद जरूरी है। सर्व समाज ने निर्णय लिया है कि पीड़ित परिवार को संबल प्रदान करने के लिए शासन से 1 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि की मांग की जाएगी। इस मांग को लेकर देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन तैयार किया गया है, जिसे स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जल्द ही सौंपा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन राजपूत युवा मोर्चा के अध्यक्ष संजय राजपूत ने किया। कार्यक्रम में इस मौके पर आर्यावर्त ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी, राकेश दुबे, नरेश दुबे, नरेंद्र राजपूत, अशोक साहू, सुलभ त्रिपाठी, राजू दुबे, प्रकाश शुक्ला, बंसी साहू, ओम प्रकाश साहू, आशुतोष मिश्रा, प्रतीक शर्मा, मुकुल तिवारी, जयजय राजपूत, संतोष तिवारी राकेश मिश्रा, दिनेश तिवारी, महेंद्र खत्री एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



## मानव के अभिमान को तोड़ देते हैं भगवान

**तखतपुर।** जब किसी को अभिमान हो आता है तो भगवान उसके अभिमान को तोड़ देते हैं। ईश्वर को अभिमान भरा नहीं भाव भरा सिर चाहिए। भगवान को केवल व्यक्ति का भाव चाहिए। जो निष्काम भाव से ईश्वर को याद करता है भगवान उनकी सभी तकलीफों को दूर कर देते हैं। यह कथा सेमरपारा के पटेल निवास में आयोजित भागवत कथा में कथा वाचक सुरेश कुमार द्विवेदी ने कही। आगे उन्होंने कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों को और सभी को गोवर्धन की पूजा करने की बात कही तब इंद्र को यह अभिमान हो गया कि मैं बारिश से पूरे पृथ्वी को डूबा दूंगा परंतु भगवान श्रीकृष्ण ने कनिष्ठ का अंगुली में गोवर्धन पर्वत को उठा लिया और सभी को आश्रय दिया। इंद्र को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने भगवान से क्षमा मांगी। कथा अवसर पर देवेंद्र पटेल, कुलेश्वरी, संतोष, दिलेश्वर, हर्ष, लक्ष्मी, कीर्ती, चंदीराम, डेरहा, पिल्लूराम साहू, महेश्वर, फुल सिंह, छत्तू, रमेश, हिमांशु, काव्या, भुखऊ, श्रेयांश, गुहराराम सहित अन्य उपस्थित रहे।



### बलिदान दिवस के रूप मनी पुण्यतिथि

# भाजपाइयों ने किया श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। मोहन वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में विधायक धर्मजीत सिंह उपस्थित रहे। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्र और समाज सेवा के क्षेत्र में प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन एवं विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को दिनेश राजपूत ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने जीवनभर एक देश, एक संविधान, एक विधान और एक निशान की अवधारणा का समर्थन किया। उनके विचार आज भी राष्ट्र निर्माण एवं संगठन सुदृढ़ीकरण के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

संचालन मंडल महामंत्री प्रीतम कश्यप एवं आभार मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर दिनेश राजपूत, नैन लाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, प्रमोद सिंह ठाकुर , प्रीतम कश्यप, अमित मंदानी, कैलाश देवांगन, ईश्वर देवांगन,सुरेश देवांगन, लव पांडे, दिलीप तोलानी, इस्लाम अंसारी, सूरज रजक, हेमचंद कौशिक, राकेश तिवारी, शिवम शिवहरे, रोशन सिंह, जय दुबे, संदीप साहू, मोहित सिंह, पुष्पराज ठाकुर, लता कश्यप, रजनी देवांगन, वंदना सिंह, शिप्रा समुएल, मालती यादव, श्यामा रामा नंदी, चमन शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।



# 11 बकरे-बकरियों की संदिग्ध अवस्था में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

**दो की हालत गम्भीर, पुलिस जांच में जुटी**



क्षेत्र के चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डूमरहा खार में 11 बकरे बकरियों की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दो की हालत गम्भीर बताई जा रही है। मृत जानवरों में पांच गर्भावस्था में थे। पीड़ति किसानों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की मांग की है। पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर मामले की विवेचना में जुटी है।

जानकारी के अनुसार चिल्फी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चिल्फी निवासी बिसाहू राम यादव पिता लालजी यादव, पांच नग बकरी एक नग बकरा, सुरेंद्र यादव पिता भगवत यादव चार नग बकरी एक नग बकरा, बाबू लाल यादव पिता बनवाला यादव एक नग बकरी मालिक किसान में 23 जून को थाना में शिकायत दर्ज कराई कि डूमरहा खार में 11 बकरी बकरियां संदिग्ध परिस्थिति में एक ही खेत मे पांच दस फीट के अंतराल में एक के बाद एक मृत्यु हो गई है। मंगलवार की सुबह प्रतिदिन के अनुसार एक ही परिवार के तीनों किसान बिसाहू, सुरेंद्र एवं बाबूलाल यादव अपने 70 बकरी बकरियों को चराने ग्राम चिल्पी से डुमराहा खार में गए थे। पानी पीने के बाद अचानक एक के बाद एक 11 बकरियों की लाश बिछ गई। दो बकरियां बीमार अवस्था में है। बकरियों में पांच गर्भावस्था में जिससे किसानों को बड़ी आर्थिक क्षति हो रही ही। पीड़ति किसानों ने गांव वालों एवं परिजनों को सूचना देकर घटना से अवगत कराया एवं थाना में पहुंचकर उक्त मामले की जांच के लिए शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पहुंचकर बकरियों के मालिक किसानों की बयान दर्ज कर मृत बकरियों पीएम करने पशु चिकित्सक को सूचित किया गया है। पीएम रिपोर्ट के बाद बकरियों के शव को दफनाया गया। चिल्फी थाना प्रभारी रघुवीर चंद्रा ने बताया कि प्राथी की सूचना पर पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मृत बकरियों का पीएम कराया है। पीएम रिपोर्ट के बाद धाराएं लगाई जाएंगी।

## खबर संक्षेप

### टीआई सिंह कैश अवार्ड से सम्मानित



**बिलासपुर।** एसएसपी ने मासूम बच्ची से अनाचार के मामले में आरोपी को कोर्ट से उम्रकैद की सजा होने पर विवेचक तत्काली तोरवा टीआई सिंह को कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया है। तत्कालीन तोरवा टीआई रजनीश सिंह ने रतनपुर थाना के कार्यकाल के दौरान जुलाई 2024 में अस्पताल से मासूम बच्ची के 8 माह के गर्भवती होने की सूचना मिली। उन्होंने अस्पताल जाकर उसकी मां से पूछताछ की तो वह गोलमोल जवाब देने लगी। उन्होंने बच्ची से पूछताछ की, उसने घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एक माह बाद पीड़ित मासूम ने बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने बच्चे व आरोपी को डीएनए टेस्ट कराया, जिसमें आरोपी के बच्चे होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने आरोपी शारदा प्रसाद सोनकर को गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उक्त मामले में आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने उत्कृष्ट विवेचना कर आरोपी को सजा दिलाने पर 2000 रुपए कैश अवार्ड देकर सम्मानित किया है।

### अवैध शराबः ढाबा संचालक सहित दो गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब ले जाते बाइक सवार ढाबा संचालक सहित दो को पकड़ लिया है । उनके पास से 120 पाव देसी दारू, 6 बियर का बाटल बरामद किया गया है ।चकरभाटा टीआई भावेश शेंडे को शिकायत मिली रायपुर रोड स्थित शालीमार ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है । ढाबा संचालक पर मूकबीर लगाकर नजर रख रहे थे। मंगलवार को सूचना मिली की वह चकरभाठा से अवैध रूप से शराब लेकर बाइक में परसदा की ओर जा रहा है। उन्होंने स्टाफ के साथ घेराबंदी कर ढाबा संचालक अजय कौशिक पिता विजय कौशिक व एक नाबालिक को पकड़ लिया । बोरी की तलाशी लेने पर 120 नग देसी पाव, 6 बियर की बोतल मिला। पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत ढाबा संचालक व नाबालिक को गिरफ्तार कर लिया है।

### गांजा तस्करी का आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर।** आरपीएफ की टीम ने आपरेशन नारकोस के तहत अभियान चलाकर दो व्यक्तियों को गांजा की तस्करी करते पकड़ा है। आरोपियों के पास से 86 किलो गांजा जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है। एसईसीआर के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर सहित अन्य स्टेशनों में आरपीएफ की टीम जीआरपी के साथ मिलकर गांजा तस्करी करने वालों के खिलाफ आपरेशन नारकोस के तहत अभियान चला रहा है। इसके तहत विशेष रूप से ओडिशा की ओर से आने वाली गाड़ियों पर निगरानी के साथ संदिग्धों के सामानों की जांच हो रही है। इसी तरह अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर 22974 के एसी कोच बी 4 में दो व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में पया गया। पूछताछ में ओडिशा गंजाम निवासी नरहरी बेहेरा और कांटी चंदन डोरा के पास रखे बैग की तलाशी ली गई, जिसमें 42 लाख 86 हजार रुपए का 85.720 किलो गांजा रखा हुआ था। आरपीएफ ने पूछताछ करने के बाद आरोपियों को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया है, जहां दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### बिलासपुर-रींवा में लगे कोच की अवधि में विस्तार

**बिलासपुर।** बिलासपुर से रींवा के बीच चलने वाली अप-डाउन एक्सप्रेस में लगाए गए दो अतिरिक्त सामान्य कोच की सुविधा की अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया है। 8247/18248 बिलासपुर-रींवा और रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में 19 से 22 जून तक अस्थायी रूप से दो अतिरिक्त सामान्य कोच की सुविधा दी थी। इस अवधि में 18247 बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस में 25 जून तक और 18248 रींवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में 26 जून तक विस्तार किया गया है।

---

**3 जुलाई को होगा बड़ा आंदोलन**

**निगम नेता प्रतिपक्ष निवास में हुई कांग्रेस पार्षदों की बैठक**

# अरपा पार अलग नगर निगम का मुद्दा गरमाया, भाजपा को घेरेगी कांग्रेस

**बिलासपुर।** शहर के अरपा पार क्षेत्र में अलग नगर निगम का मुद्दा गरमाने लगा है, इस मुद्दे पर मंगलवार को निगम नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप के निवास में कांग्रेस पार्षदों की रणनीति बैठक हुई, जिसमें 3 जुलाई को कांग्रेस द्वारा बड़ा आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।

विधानसभा चुनाव के ढाई साल बीत जाने के बाद भी अरपा पार को नगर निगम नहीं बनाए जाने पर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप की अगुवाई में कांग्रेस की बैठक हुई ,जिसमें बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शैलेश पांडे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय केशरवानी सहित कांग्रेस के सभी निर्वाचित पार्षद एवं अरपा पार क्षेत्र के नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार उपस्थित रहे। बैठक में अरपा पार के कांग्रेस पार्षदों तथा पार्षद उम्मीदवारों ने कहा जब भाजपा के घोषणा पत्र में विधायक अमर अग्रवाल ने अरपा



पार को नगर निगम बनाए जाने का वादा किया था, तो राज्य सरकार ने अब तक अरपा पार को नगर निगम क्यों नहीं बनाया। यहां बुनियादी सुविधाओं के लिए सभी 18 वार्ड के पार्षदों को एवं यहां के जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। 10 किलोमीटर दूर से लोगों को विकास भवन जाना पड़ता है। आज कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि विधायक अमर अग्रवाल के द्वारा जारी घोषणा पत्र को लागू करने अरपा पार को नगर निगम बनाने की मांग को तेज करते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में कांग्रेस पार्षद तथा अरपा पार सरकंडा क्षेत्र के कार्यकर्ता 3 जुलाई को एक बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसमें कांग्रेस के सभी पार्षद वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, संगठन पदाधिकारी आंदोलन में शामिल होंगे। आज की बैठक में प्रमुख रूप से नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, पार्षद रामा बघेल, राजेश शुक्ला, शंकर कश्यप, हिमांशु कश्यप ,लक्ष्मीनाथ साहू, जुगल किशोर गोयल, प्यारे छोटे पार्षद, किशोर अहिरवार ,अंकित प्रजापति, श्रीमती निशा हितेश देवांगन, श्रीमती सावित्री तिवारी, श्रीमती सुशीला बालचंद साहू ,मनीष कुमार सेंगर, राम प्रसाद ध्रुव, सुजीत मिश्रा, शैलेश मिश्रा, श्रीमती सीमा राजेश शुक्ला, घनश्याम कश्यप, नीरज सोनी, राजकुमार यादव, मनीष गढ़वाल , अभिलाष रजक आदि मौजूद रहे।

### वोट लेकर जनता को भूली भाजपाः शैलेष

पूर्व विधायक शैलेश पांडे ने बैठक में चर्चा करते हुए कहा है कि विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वोट लेने के लिए जो जनता से वायदे किए थे, सरकार बनने के बाद जनता से किए वादे भाजपा के नेता भूल गए हैं। विधायक अमर अग्रवाल ने अपने घोषणा पत्र में तो यहां की जनता से वादा किया था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही अरपा पार को नया नगर निगम बनाएंगे, लेकिन ढाई साल से अधिक समय हो गया, डबल इंजन की सरकार ने आज तक अरपा पार के जनता की सुध नहीं ली है । नाली, पानी, सड़क, बिजली समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं एवं पेंशन, राशन कार्ड जैसे छोटी-मोटी समस्याओं के लिए भी अरपा पार के मतदाता तरस रहे हैं। सरकंडा क्षेत्र में लगातार गंदे पानी की शिकायतें मिल रही हैं। सीवरेज की योजना पूरी तरह फेल हो गई है।

### अरपा पार नया निगम बनेः विजय

जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष विजय पांडे ने कांग्रेस पार्षदों तथा कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए कहा है कि जिस प्रकार से पूर्व मंत्री ने अपने घोषणा पत्र में अरपा पार को नया नगर निगम बनाने का वादा जनता से किया था, भाजपा के विधायक को अपना वादा पूरा करना चाहिए। यदि अरपा पार नया नगर निगम नहीं बनाया गया तो जनता आने वाले समय में इसका जवाब देगी।

### विकास के लिए तरसता अरपाचंलः भरत

इस बैठक में निगम नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप ने अरपा पार को नया नगर निगम बनाने की मांग को लेकर जन आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा है कि अरपा पार अभी भी विकास के लिए तरस रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के जिन वार्डों को निगम में शामिल किया गया है वहां विकास नहीं हो पा रहा है। यदि अरपा पार नया नगर निगम बनता है तो सरकंडा क्षेत्र में समुचित विकास होगा और लोगों को यहां मूलभूत समस्याओं के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

---

**रोजाना 3 हजार से अधिक गाड़ियां खड़ी हो रहीं, बेतरतीबी से लगाई जाती हैं गाड़ियां**

# सिम्स में पार्किंग की व्यवस्था बदहाल सड़क तक खड़ी हो रही गाड़ियां, बढ़ी परेशानी



सिम्स परिसर के अंदर वाहनों की लगी कतार।



सिम्स पार्किंग में खड़े दोपहिया वाहन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में पार्किंग की समस्या गहराती जा रही है, रोजाना हजारों की संख्या में आने वाली गाड़ियों को खड़ी करने के लिए अब अस्पताल में जगह तक नहीं बच रही है, यही कारण है कि अस्पताल के ठीक सामने तक दो पहिया वाहन खड़े किए जाते हैं, जिससे कई बार कर्मचारी और अधिकारियों के लिए वाहन खड़ा करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है।

संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल सिम्स कई चुनौतियों से जूझ रहा है, इनमें से एक व्यवस्थित पार्किंग है। सिम्स में अस्पताल में पार्किंग के लिए जगह नहीं बच नहीं है। रोजाना 3 हजार से अधिक दो पहिया वाहन और 4 पहिया वाहन सिम्स में आ रहे हैं। प्रबंधन ने पार्किंग की व्यवस्था को संभालने ठेका भी चालू कर दिया है, लेकिन इससे भी बेतरतीबी से वाहन पार्किंग की समस्या से छुटकारा नहीं मिल सका है। हालत यह है कि आडोटोरियम के ठीक बाजू में पेड पार्किंग की सुविधा है, लेकिन यहां जगह कम होने के कारण लोगों को पूरे कैम्पस में जहां जगह मिलती है, वहां वाहन पार्किंग की जा रही है। वर्तमान में आर्थोपेडिक, सिम्स कालेज, आपातकालीन, पुलिस चौकी जैसे जगहों पर वाहन पार्क की जा रही है, जिससे अव्यवस्थित पार्किंग सिम्स प्रबंधन और मरीजों के लिए भी खासी मुसीबत साबित हो रही है। बड़ी समस्या यह है कि सिम्स में अब कई भी खाली परिसर नहीं है, जिससे वाहन पार्किंग को सुव्यवस्थित किया जा सके।

### कर्मचारी पार्किंग अलग, फिर भी परेशानी

खास बात यह है कि सिम्स में कर्मचारियों की पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से अलग है। जहां डाक्टरों के चार पहिया वाहन शेड के नीचे रखे जाते हैं, वहीं दो पहिया वाहनों के लिए ट्रीटमेंट प्लांट के पास व्यवस्था की गई है। यह व्यवस्था सालों से है, लेकिन जिस तरह से सिम्स में अन्य जिलों से मरीज पहुंच रहे हैं, उससे पार्किंग बिगड़ रही है, यही कारण है कि सिम्स के बाउंड्री के बाहर सड़क पर भी वाहन खड़े किए जाते हैं। कई बार वाहनों की चोरी भी हो रही है, लेकिन प्रबंधन इस बारे में कुछ भी करने को लेकर असहाय महसूस करता है।

### जगह नहीं बढ़ाई जा सकती

सालों पुराना अस्पताल है, पार्किंग की जितनी जगह है उतने में व्यवस्था की जाती है, जगह बढ़ाई नहीं जा सकती है। दो पहिया वाहन की पार्किंग मैनेज कर ली गई है, लेकिन 4 पहिया वाहन की पार्किंग से समस्या होती है।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स अस्पताल

---

**आधी रात आंगन में सो रही थी महिला**

# पत्नी पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात पचपेड़ी क्षेत्र में दर्दनाक घटना सामने आई है। चरित्रशंका पर पति ने आधी रात बच्चों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर आंगन में सो रही पत्नी पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। किसी तरह से रेत पर लेटकर महिला ने आग बुझाई और दरवाजा खोलकर बच्चों को बाहर निकाला। उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

■ रेत में लेटकर बुझाई आग

पचपेड़ी टीआई कमला पुसाम ने बताया, 22 जून की रात ग्राम रैलहा भड़हा निवासी जनीराम यादव अपने पत्नी मोंगरा बाई यादव 45 साल के साथ घर के आंगने में सो रहे थे। उनके बच्चे अंदर कमरे में सो रहे थे। रात 2.30 बजे जनीराम यादव बच्चों के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर गहरी नींद में सो रही पत्नी मोंगरा बाई के उपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। महिला के चीखने चिल्लाने पर जनीराम यादव घर से भाग गया। आवाज सुनकर उनके बच्चों ने कमरे से बाहर निकलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद मिला। खिड़की खोलकर देखे तो उनकी मां जलते हुए चीखते चिल्लाते इधर उधर भाग रही थी। भागते समय महिला ने घर के आंगने में रखी रेत पर लेटकर किसी तरह आग बुझाई। उसके बाद बच्चों के कमरे के पास जाकर दरवाजे की सिटकनी खोली। बच्चों ने गंभीर रूप से झुलसी अपनी मां को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। सूचना पर पुलिस ने हास्पिटल पहुंचकर पीड़ित महिला का बयान दर्ज किया। महिला ने खुलासा किया उसका पति उन पर चरित्रशंका कर पूर्व में कई बार मारपीट कर चुका है। इसी शंका पर उसने पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर पति के खिलाफ हत्या के प्रयास बीएनएस की धारा 109 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। बहरहाल दूसरे दिन भी पुलिस फरार आरोपी को नहीं पकड़ पाई है।

# 100 से अधिक मोबाइल सहित पकड़ा गया चोर, जेवरात जब्त



**बिलासपुर।** रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने आपरेशन रेल प्रहरी के तहत स्टेशन के बुकिंग काउंटर से मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से 100 से अधिक चोरी के मोबाइल सहित जेवरात भी जब्त किया गया है।

रेलवे बोर्ड के आदेश पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम आपरेशन रेल प्रहरी के तहत राज्य पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर ट्रेन और रेल परिसर में होने वाले अपराधों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत आरपीएफ की टीम ने स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया में संयुक्त गश्त करने के दौरान बुकिंग काउंटर के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखकर संदेह के आधार पर पूछताछ की। पश्चिम बंगाल मेंदनीपुर निवासी जुलियस खान के पास रखे बैग की जांच करने पर 70 नग टच स्क्रीन मोबाइल और 53 नग कीपेड मोबाइल के अलावा पायल, कंगन एवं अन्य सामान बरामद किया गया। जब्त किए गए सामान के संबंध में किसी तरह का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आरोपी को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया, जहां जीआरपी ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करने के बाद मोबाइल व अन्य सामान जब्त करने की कार्रवाई की है।

---

# 8 वीं कक्षा में पहुंच गए बच्चे, 7 वीं के रिजल्ट का पता नहीं, तीन कक्षा पर एक शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कलेक्टर से शिकायत करने पहुंचे चितावर गांव के छात्र।

आठवीं कक्षा में पढ़ रहे बच्चों को आज दिनांक तक कक्षा सातवीं का रिजल्ट नहीं मिल सका है। इतना ही नहीं, बल्कि छठवीं से आठवीं तक तीन कक्षाओं की जिम्मेंदारी एक ही शिक्षक के भरोसे है। इस संबंध में सात बार कलेक्टर से शिकायत करने के बाद मंगलवार को ग्राम पंचायत चितावर के ग्रामीण, छात्र-छात्राएं व जनप्रतिनिधियों ने आठवीं बार कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करवाई है।

तखतपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत चितावर में मिडिल स्कूल का उन्नयन किया गया है। वैसे तो स्कूल का उन्नयन तीन साल पूर्व से किया जा चुका है, लेकिन पर्याप्त शिक्षकों की नियुक्ति वहां आज दिनांक तक नहीं हो सकी है। स्कूल में शिक्षकों की कमी से नाराज छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों व पालकों ने बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। छात्राओं ने बताया कि वे इस साल कक्षा आठवीं में पहुंच चुकी हैं, लेकिन कक्षा सातवीं की अंकसूची उन्हें अब तक नहीं मिल सकी है। इसके पीछे स्कूल में एक ही शिक्षिका की नियुक्ति होने व उनके ऊपर वर्कलोड काफी अधिक होना बताया गया।

सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि उनकी पत्नी गांव की सरपंच हैं व उन्होंने अपने खर्च पर गांव के ही कुछ शिक्षित बेरोजगार बच्चों को स्कूल में पढ़ाने के लिए रखा है। उन्होंने बताया कि कक्षा छठवीं से आठवीं तक स्कूल में कुल 130 छात्र-छात्राए अध्ययनरत हैं, जहां केवल एक शिक्षिका की पदस्थापना की गई है। स्कूल की लचर व्यवस्था के बारे में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि लगभग सात बार कलेक्टोरेट में शिकायत कर चुके हैं। इसी तरह जिला शिक्षाधिकारी को भी इस संबंध में शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज दिनांक तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन अगर इसी तरह अनदेखी करता रहा तो क्षेत्र के सारे जनप्रतिनिधियों, स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं, पालकों व चितावर सहित आसपास के ग्रामीणों के साथ बिलासपुर-तखतपुर मेनरोड पर स्थित जोरापारा गांव में चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की ही होगी।

### अमेरी में ट्रांसपोर्टर पर चाकू से जानलेवा हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** एक बार फिर अमेरी में मामूली विवाद में ट्रांसपोर्टर से तीन भाईयों ने मारपीट करते हुए चाकू से जानलेवा हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, अमेरी निवासी ट्रांसपोर्टर अमन श्रीवास पिता परमेश्वर श्रीवास 22 जून की रात 11.30 बजे अपने दोस्त किशन अहिरवार के साथ मोहल्ले के विरेन्द्र किराना स्टोर की ओर घूमने गए थे। दुकान बंद होने पर वे अपनी गाड़ी का हार्न बजाए तो दुकान की छत के ऊपर से आकाश जांगड़े आकर कौन है हार्न बजा रहा है कहकर गाली देने लगा। उन्होंने गाली देने से मना किया तो आकाश जांगड़े घर के अंदर जाकर अपने दो भाई मंगल जांगड़े, नानू जांगड़े को घर से बुला लिया। तीनों भाई उनके साथ गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इसी दौरान मंगल जांगड़े ने चाकू से गले के बाए तरफ एवं दाहिने हाथ में चाकू से हमला कर दिया। उनके दोस्त किशन अहिरवार, रूद्र तिवारी ने बीच बचाव कर जान बचाई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर तीनों भाईयों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 24 जून को प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। इन ग्राम सभाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण विकास योजनाओं को धरातल पर मजबूत करना और आम जनता की भागीदारी को बढ़ाना है। इन सभाओं में आवास प्लस 2.0 की स्थायी प्रतीक्षा सूची को लेकर चर्चा होगी। दावे और आपत्तियों का निराकरण पात्र हितग्राहियों की प्राथमिकता सूची तैयार की जाएगी। इसके साथ ही सूची को लेकर प्राप्त होने वाले दावों और आपत्तियों का नियमानुसार निराकरण भी किया जाएगा ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। ग्रामीण विकास एवं जनभागीदारी सभाओं के दौरान विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी और ग्रामीणों की सक्रिय जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

---

# युवक से 1 लाख की वसूली, एएसपी पहुंचीं जांच के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसएसपी से एक युवक ने मस्तूरी थाना के चार आरक्षकों पर आबकारी के झूठे केस में फंसाने का आरोप लगाकर एक लाख रुपए वसूली करने की शिकायत की है। एसएसपी ने एडीनशल एसपी को जांच कर प्रतिवेदन देने कहा है। मंगलवार को एएसपी ने मस्तूरी थाना जाकर सीसीटीवी फुटेज देखा, जिसमें आरक्षकों की गतिविधिया संदिग्ध नजर आ रही है।

■ एसएसपी ने दिया जांच का आदेश

चकरभाठा नगाराडीह निवासी समीर बंजारे पिता मनोज बंजारे 21 साल ने एसएसपी ने लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है। 15 जून को वे काम से मस्तूरी टिकारी गए थे, वहां स्कूल के पास मस्तूरी थाने का आरक्षक नवीन बागड़े, दिनेश निराला, अरविंद कुर्रे, अविनाश कश्यप आए और गाली गलौज कर उन्हें थाने ले गए। आरक्षकों ने उनसे कहा कि 2 लाख रुपए दो नहीं तो 100 बोतल महुआ शराब की तस्करी मामले में जेल भेज देंगे। समीर के कहने पर पिता मनोज बंजारे पैसा लेकर थाना आए।

मुंशी कक्ष में आरक्षकों ने उनके पिता से 84 हजार नकद लिया। उन्होंने 16 हजार रुपए मस्तूरी च्वाइस सेंटर से निकलवाकर दिया। उसके बाद उसे छोड़ दिया गया। दूसरे दिन उसे जानकारी हुई उसके खिलाफ सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने की आबकारी एक्ट की धारा 36 च के मस्तूरी थाने में कार्रवाई की गई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण एडीशनल एसपी मधुलिका को जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

### थाने का खंगाला गया सीसीटीवी फुटेज

मंगलवार को एडीशनल एएसपी श्रीमती सिंह के द्वारा मस्तूरी थाने जाकर घटना तिथि के थाने का सीसीटीवी फुटेज खंगाला है। पीड़ित युवक थाने में बैठे नजर आ रहा है। आरक्षकों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। उसके बाद च्वाईस सेंटर वाले को थाने में तलब कर पैसा निकालने की जानकारी ली गई है।

### भूमिका संदिग्ध नजर आ रही

पीड़ित की शिकायत पर थाने का सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया है। एक दो आरक्षकों की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। च्वाईस सेंटर वाले से पूछताछ की गई है। पैसा निकालने के समय का मिलान किया जाएगा। जल्द ही संदिग्धों पर कार्रवाई की जाएगी।

-मधुलिका सिंह
एडीशनल एसपी ग्रामीण

### ठेका कंपनी के खिलाफ 300 सबस्टेशन आपरेटरों ने उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** जिले के सबस्टेशन फीडर आपरेटरों ने ठेका कंपनियों के खिलाफ आवाज उठाई है। 15 सालों से विद्युत विभाग के लिए काम कर रहे आपरेटरों ने मुख्यमंत्री से विभाग में भर्ती लेने की मांग की है। आपरेटरों ने कहा कि ठेका कंपनियों के द्वारा उनसे श्रम नियमों की विरूद्ध काम करया जाता है जिससे उनका मानिसक और आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

सबस्टेशन आपरेटर संघ के पदाधिकारी बिजली विभाग में सबस्टेशन फीडर आपरेटरों को समायोजित करने की मांग को लेकर कलेक्टरोरेट पहुंचें। इस दौरान आपरेटर संघ ने सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और कहा कि पिछले 15 सालों से जिले में सबस्टेशन फीडर आपरेटरों द्वारा बिजली सप्लाई को निर्बाध तौर पर बहाल की जा रही है, विभागीय कर्मचारियों से अधिक समय तक आपरेटरों से काम कराया जा रहा है लेकिन इसके बाजवूद श्रम नियमों के अनुसार न्युनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है जिससे आर्थिक हानि के साथ ही शारीरिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। आपरेटरों ने बताया कि कैमरिज ठेका कंपनी द्वारा सबस्टेशन में काम कराया जा रहा है। जिसे समाप्त कर सीधे विद्युत विभाग में आपरेटरों को समायोजित किया जाना चाहिए।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152